दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी  संपादक - डा.के.के.संधू  प्रबन्ध संपादकः सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227  वर्ष 8  अंक 200  सोमवार 21 जुलाई, 2025  Monday 21 July , 2025  मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 8  मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## बीडीएस छात्रा ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान, दो प्रोफेसर हिरासत में

नोएडा, 20 जुलाई (निस) ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा ने कथित तौर पर संकाय सदस्यों के उत्पीड़न के चलते खुदकुशी कर ली। यह घटना विश्वविद्यालय परिसर में हुई। इस मामले में छात्रा को प्रताड़ित करने के आरोप में डीन समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो प्रोफेसर को हिरासत में लिया गया है।

# संसद का मानसून सत्र आज से : सरकार ने सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं से की अहम चर्चा

## सदन में हर संवेदनशील मुद्दे पर विपक्ष से बहस करने को तैयार है सरकार-किरण रिजिजू



नई दिल्ली, 20 जुलाई (निस) संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इससे पहले आज रविवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें विभिन्न दलों के नेताओं ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य संसद सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी दलों से सहयोग प्राप्त करना था। बैठक में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री और एनडीए व विपक्ष के सांसद शामिल हुए हैं। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा और इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा व पारित किए जाने की योजना है। यहां बैठक में पहुंचे कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि उनकी पार्टी इस सत्र में कई संवेदनशील मुद्दों को उठाएगी। इनमें पहलगाम की घटनाएं, सीमा पर संघर्ष, डोनाल्ड ट्रंप का भारत-पाक सीजफायर दावा और बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। गोगोई ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे इन मुद्दों पर संसद के माध्यम से देश को जवाब दें। संसद में 8 प्रमुख विधेयक होंगे पेश सरकार ने संसद के मानसून सत्र में 8 विधेयकों को पेश करने की योजना बनाई है। इन विधेयकों में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष संरक्षण विधेयक, खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक शामिल है। ये बिल देश की सांस्कृतिक धरोहर, खेल नीति और खनन क्षेत्र से जुड़े नियमों में बदलाव को लेकर अहम माने जा रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता- सत्र बिना बाधा के चले-केंद्र सरकार चाहती है कि मानसून सत्र के दौरान आवश्यक विधायी काम बिना किसी व्यवधान के पूरे हों। इसके लिए बैठक में सभी दलों से सहयोग की अपील की गई है। अब देखना होगा कि विपक्ष और सरकार के बीच इन ज्वलंत मुद्दों पर कितना संवाद होता है और आगामी मानसून सत्र कितना प्रभावी( शेष पृष्ठ दो पर )

# ट्रम्प के दावे पर उपराष्ट्रपति धनखड़ का सख्त संदेश, कहा-कोई भी ताकत हमें निर्देश नहीं दे सकती



नई दिल्ली 20 जुलाई (निस): अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत-पाकिस्तान के बीच कथित सीजफायर कराने के दावे पर अब देश के उपराष्ट्रपति धनखड़ की ओर से कड़ा जवाब आया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह निर्देश नहीं दे सकती कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है।उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिल्ली में भारतीय रक्षा संपदा सेवा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा, कि लोगों को बाहरी नैरेटिव से प्रभावित नहीं होना चाहिए। भारत में सभी निर्णय उसके शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारत आपसी सहयोग और परस्पर सम्मान के आधार पर दूसरे देशों से संवाद करता है, लेकिन निर्णय लेने में वह पूरी तरह स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि, हम अपने फैसले खुद लेते हैं।उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अपने बयान में क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा, हर खराब गेंद को खेलना जरूरी नहीं है। जो बल्लेबाज रन बनाता है, वह अक्सर लुभाने वाली खराब गेंदों को छोड़ देता है। जो उन्हें खेलता है, उसके लिए विकेटकीपर और स्लिप में फील्डर होते हैं। इस तरह, उपराष्ट्रपति ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और नीति निर्माण में पूरी तरह स्वतंत्र है और विदेशी नेताओं के दावों से उसकी स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ता।

**विपक्ष की प्रतिक्रिया के बीच आया बयान** - यह बयान ऐसे समय पर आया है जब विपक्ष लगातार केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण की मांग कर रहा है कि क्या वाकई भारत और ( शेष पृष्ठ दो पर )

## जम्मू से अमरनाथ के लिए रवाना हुआ 4,388 श्रद्धालुओं का 20वां जत्था

जम्मू, 20 जुलाई (निस) दक्षिण कश्मीर के हिमालयी क्षेत्र में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन के लिए रविवार को 4,388 तीर्थयात्रियों का 20वां जत्था भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। इस जत्थे में 900 महिलाएं और 130 साधु-साध्वियां भी शामिल हैं। श्रद्धालुओं का जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलग-अलग काफिलों में रवाना हुआ 12,815 श्रद्धालु 115 वाहनों में सवार होकर पहलगाम मार्ग की ओर रवाना हुए। वहीं 1,573 श्रद्धालु 95 वाहनों में बालटाल मार्ग से यात्रा पर निकले। 38 दिवसीय यह वार्षिक तीर्थयात्रा तीन जुलाई को शुरू हुई थी और यह नुनवान-पहलगाम (अनंतनाग) और बालटाल (गांदरबल) मार्गों से चल रही है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 2.90 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं और संभावना है कि रविवार को यह आंकड़ा तीन लाख को पार कर जाएगा। यह पवित्र यात्रा रक्षा बंधन के दिन यानी 9 अगस्त को समाप्त होगी। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने यात्रा की सुरक्षा और सुचारू संचालन के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। अमरनाथ यात्रा में देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और पूरे श्रद्धा भाव से बाबा बर्फानी के दर्शन कर रहे हैं।

# राजस्थान में औसत से अधिक बारिश से जनजीवन प्रभावित, मध्य प्रदेश भी बेहाल, हरियाणा, पंजाब में तीन दिन का अलर्ट



नई दिल्ली 20 जुलाई (निस) उत्तर भारत में फिर से मानसून सक्रिय हो गया है जहां पंजाब, हरियाणा में अगले तीन दिन का भारी अलर्ट किया गया है वहीं राजस्थान, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ व दिल्ली भी बारिश से बेहाल है।

**राजस्थान**-भारत के कई राज्यों में वर्तमान में भारी बारिश और बाढ़ का कहर जारी है, इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुए डिप्रेशन सिस्टम के कारण राजस्थान के 6 जिले जोधपुर, नागौर, पाली, अजमेर, सिरोही, जालोर भारी बारिश की चपेट में हैं। अजमेर और टोंक में बाढ़ जैसे हालात हैं, और कई इलाकों में पानी भर गया है। शनिवार को कोटा, बारां, झालावाड़, अजमेर, बूंदी, राजसमंद और नागौर के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। अजमेर के दरगाह बाजार में शुक्रवार रात हुई तेज बारिश में कई लोग बह गए। मानसून के इस सीजन में राजस्थान में अब तक औसत से 109 प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। बीते चार दिनों में बारिश से जुड़े हादसों में 23 लोगों की मौत हो चुकी है, राजसमंद में तालाब फूटने (बांध टूटने) से 3 स्कूली बच्चों सहित 7 लोग पानी के बहाव में फंस गए। जोधपुर के अरना-झरना क्षेत्र में डूबने से युवक की मौत हो गई। सीकर में 13 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। राजस्थान में बारिश से हुए हादसों में बीते चार दिन में 23 लोगों की जान गई है। वहीं मध्यप्रदेश में भी बारिश का मजबूत सिस्टम सक्रिय है, जिससे ग्वालियर, छतरपुर, पन्ना सहित 16 जिलों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। शिवपुरी में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। मुरैना और( शेष पृष्ठ दो पर )

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



चंडीगढ़, 20 जुलाई (अमृतपाल सिंह)- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी से देहरादून में उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान श्री सैनी ने हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं सांझा की और बताया कि पिछले 11 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों से लोगों के जीवन स्तर में काफी परिवर्तन आया है। सरकार की इन्ही नीतियों की ( शेष पृष्ठ दो पर )

# अनमोल गगन मान का यू-टर्न, पार्टी अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद इस्तीफा वापिस लिया



मोहाली 20 जुलाई (निस) पंजाब की सबसे बड़ी विधानसभा खरड़ से आम आदमी पार्टी की विधायक अनमोल गगन मान ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। यह फैसला उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री अमन अरोड़ा के साथ बैठक में लिया है। इसकी सूचना इंटरनेट मीडिया पर खुद अमन अरोड़ा ने दी है। अमन अरोड़ा ने लिखा है कि अनमोल गगन मान के साथ बैठक हुई। पार्टी ने विधायक पद से उनके इस्तीफा को अस्वीकार्य करने का फैसला किया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने उनसे पार्टी और क्षेत्र की प्रकृति के लिए मिलकर काम करते रहने का आग्रह किया है। बता दें कि शनिवार को अचानक से इंटरनेट मीडिया के जरिए सूचना देकर अनमोल गगन मान ने राजनीति से संन्यास लेते हुए अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस पर इलाके में कई तरह की चर्चाएं चल रही थी। रणजीत सिंह गिल की अटकलों पर भी विराम- खरड़ विधानसभा क्षेत्र में अटकलें लगाई जा रही थी कि शिरोमणि अकाली दल के पूर्व दिग्गज नेता रणजीत सिंह गिल( शेष पृष्ठ दो पर )

## एक ही परिवार के 5 लोगों ने ज़हर खाकर दी जान, पूरे इलाके में सनसनी

अहमदाबाद 20 जुलाई (निस)- रविवार को गुजरात के अहमदाबाद जिले के बावला इलाके में एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने ज़हरीला पदार्थ पीकर सामूहिक आत्महत्या कर ली। मरने वालों में पति-पत्नी, उनकी दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

**किराए के मकान में रह रहा था परिवार, मूल रूप से ढोलका का रहने वाला** - पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान विपुल कांजी वाघेला (34), उनकी पत्नी सोनल (26), दो बेटियां (11 और 5 साल) और बेटा (8 साल) के रूप में हुई है। यह परिवार मूल रूप से ढोलका का रहने वाला था और कुछ समय से बावला में किराए के मकान में रह रहा था।

**ज़हरीला तरल पदार्थ पीने से हुई मौत, पुलिस जुटी जांच में** - अहमदाबाद ग्रामीण एसपी के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि सभी ने ज़हरीला तरल पदार्थ पीकर जान दी। आत्महत्या के पीछे की वजह( शेष पृष्ठ दो पर )

# सीएम योगी पहुंचे दिल्ली,पीएम मोदी सहित कई बड़े नेताओं से की मुलाकात



नई दिल्ली 20 जुलाई (निस): यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के रविवार को अचानक दिल्ली पहुंचे और वहां पीएम नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उनकी इन मुलाकातों ने राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। इनमें सबसे लंबी बातचीत जेपी नड्डा के साथ करीब एक घंटे तक चली, जिससे कई राजनीतिक संकेत निकाले जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आधिकारिक तौर पर बताया गया कि पीएम मोदी से योगी की मुलाकात जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर थी, जो अक्टूबर में होना है, लेकिन यह मुलाकातें सिर्फ शिष्टाचार मानी जाती, अगर इससे पहले दोनों डिप्टी सीएम की दिल्ली( शेष पृष्ठ दो पर )

# विपक्ष के दुष्प्रचार से घबराएं नहीं बल्कि तथ्यों के आधार पर उनको जवाब दें - नायब सिंह सैनी

## तीसरी बार नॉन-स्टॉप सरकार बनाई है, काम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे - मुख्यमंत्री




चंडीगढ़, 20 जुलाई (अमृतपाल सिंह)- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य के लोगों ने प्रदेश में तीसरी बार नॉन-स्टॉप सरकार बनाई है, काम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विपक्ष के दुष्प्रचार से घबराएं नहीं बल्कि तथ्यों के आधार पर उनको जवाब दें।मुख्यमंत्री आज यहां संत कबीर कुटीर में पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। ये लोग पिछड़ा वर्ग के लिए सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करने आए थे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में पिछड़ा वर्ग के बैकलॉग को योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने का बहाना बनाकर खाली छोड़ दिया जाता था जबकि वर्तमान सरकार ने पिछड़ा वर्ग से प्रोफेसर, डॉक्टर, इंजीनियर तक भर्ती करके दिखा दिया है कि इस वर्ग के लोग हमेशा से ही योग्य रहे हैं, लेकिन पहले की सरकारों की नियत सही नहीं थी।पिछड़ा वर्ग द्वारा उनको सम्मान के तौर पर पगड़ी पहनाये जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पगड़ी के मान -सम्मान को हमेशा ऊँचा रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से समय-समय पर गाइडेंस लेते रहते हैं और पूरे प्रदेश में एक समान विकास करवाने की नियत रखते हैं। श्री नायब सिंह सैनी ने यह भी कहा कि वे राज्य में पढाई और नौकरी का माहौल बदल रहे हैं, मेरिट के आधार पर भर्ती की जा रही है। सिस्टम को बदल रहे हैं। उन्होंने 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी की परीक्षा के प्रबंधों की जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षार्थियों के लिए घर से परीक्षा केंद्र तक लाने( शेष पृष्ठ दो पर )

# पंजाब में हिंदू वोट बैंक को लेकर भाजपा का मास्टर प्लान, पार्टी को कैप्टन व जाखड़ से मिली निराशा

जालंधर 20 जुलाई (निस) पंजाब में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सत्ता का लुत्फ शिरोमणि अकाली दल के साथ मिलकर लिया था। अकाली दल से अलग होने के बाद से पार्टी लगातार सत्ता से बाहर है और सत्ता में दोबारा आने के लिए हर तरह का प्रयास कर रही है, लेकिन पार्टी को सफलता नहीं मिल रही, जिसके लिए पार्टी ने कई तरह के एक्सपैरीमैंट भी करके देख लिए। ब्राहमण-बनिया वोट से लेकर जाट सिख वोट तक की यात्रा करके अब शायद भाजपा दोबारा हिंदु वोट की ओर लौटने लगी है, जिसका अंदाजा कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर अश्विनी शर्मा की तोजपोशी से देखा जा रहा है।

**कैप्टन से लेकर बिट्टू किसी से नहीं बनी बात** - वैसे भाजपा हिंदु वोट के लिए सदा ही जानी जाती रही है, लेकिन पिछले कुछ समय से पंजाब में पार्टी को सबको साथ लेकर चलने का एक नया शौक पैदा हुआ था। वैसे यह शौक पार्टी का शायद अपना नहीं था, बल्कि दूसरे दलों से आए कुछ नेताओं ने पार्टी हाईकमान को यह शौक डाल दिया था। कांग्रेस में मुख्यमंत्री के तौर पर सत्ता का आनंद लेकर भाजपा में आए कैप्टन अमरेंद्र सिंह को लेकर पार्टी बेहद उत्साहित थी, कैप्टन के साथ-साथ सुनील जाखड़, रवनीत बिट्ठू, और न जाने और कितने नेता भाजपा में आए। इन्हीं में से शायद कुछ लोगों ने पार्टी को हिंदु वोट छोड़कर पंजाब में सिख वोट की अहमियत गलत तरीके से बयान कर दी, जिसका असर यह हुआ कि पार्टी अपना पक्का वोट बैंक छोड़कर दूसरे वोट बैंक क पीछे भागने लगी।

**वोट प्रतिशत पर ताली, लेकिन सीटों को लेकर हाथ खाली**

जाट सिख वोट को भुनाने की पार्टी को शायद इसलिए जरूरत पड़ी क्योंकि पंजाब में अकाली दल का साथ छोड़ने के बाद गांवों में जाने के लिए उसे वैसे चेहरे चाहिए थे। इस एक्सपैरीमैंट के लिए पार्टी ने कई तरह की कोशिशें की। यहां तक कि सुनील जाखड़ को प्रधान बनाया और रवनीत बिट्ठू को राज्य मंत्री का दर्जा दिया। कैप्टन अमरेंद्र सिंह को भी प्रदेश में अहम जिम्मेदारियां दी गईं, लेकिन पार्टी का( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

### ट्रंप के भारत-पाक सीजफायर दावे पर उपराष्ट्रपति धनखड़ ...

पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम अमेरिकी मध्यस्थता से हुआ है, जैसा कि ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं।

### संसद का मानसून सत्र आज से : सरकार ने सर्वदलीय बैठक ...

ढंग से आगे बढ़ता है।

**मानसून सत्र को लेकर किरन रिजिजू बोले- हर संवेदनशील मुद्दे पर बहस को तैयार है सरकार, विपक्ष से समन्वय की अपील**

संसद के मानसून सत्र को लेकर सियासी माहौल गर्मा गया है। केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने स्पष्ट रूप से कहा, कि सरकार संसद में सभी संवेदनशील और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में रविवार को कहा कि सदन के सुचारु संचालन के लिए विपक्ष और सरकार के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा, कि हम संसद में ऑपरेशन सिंदूर जैसे राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर गंभीर और सार्थक चर्चा के लिए तत्पर हैं। लोकतंत्र में बहस और संवाद ही समाधान का रास्ता है। ट्रंप के बयान पर सरकार का रुख साफ करते हुए रिजिजू ने कहा कि इस विषय पर सदन में उचित और तथ्यात्मक जवाब दिया जाएगा।

**सार्थक सत्र की उम्मीद** - सरकार ने विपक्ष के आरोपों और सवालों का संवैधानिक दायरे में रहते हुए उत्तर देने की प्रतिबद्धता जताई है। रिजिजू ने यह भी दोहराया कि संसद जनहित के विषयों पर संवाद और बहस का मंच है, जिसे व्यवधान रहित तरीके से चलाना दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है।

**विपक्ष की रणनीति और संभावित मुद्दे** - मानसून सत्र इस बार खासा हंगामेदार हो सकता है क्योंकि विपक्ष केंद्र सरकार को कई विवादित मुद्दों पर घेरने की तैयारी में है। सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने जिन मुद्दों को उठाने की योजना बनाई है, उनमें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताएं, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हालिया आतंकी हमला और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत-पाकिस्तान मध्यस्थता को लेकर दिया गया बयान शामिल हैं।

### राजस्थान में औसत से अधिक बारिश से जनजीवन ...

श्योपुर सहित 14 जिलों में शनिवार को 4 इंच से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। इस मानसून सीजन में देशभर में अब तक सामान्य से प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। हरियाणा, ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव ऐसे राज्य हैं जहाँ बहुत ज्यादा बारिश हुई है। 1 जून से 16 जुलाई तक देश में 331.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य 304.2 मिमी से अधिक है।

**चंडीगढ़**- पंजाब के लोगों के लिए अगले 72 घंटे बेहद भारी रहने वाले हैं। दरअसल, मौसम विभाग ने राज्य में अगले 3 दिनों के लिए भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज पठानकोट, रूपनगर, गुरदासपुर, होशियारपुर, नवांशहर और एस.ए.एस. नगर में बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं कल यानी 21 जुलाई को भी प्रदेश के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें फरीदकोट, होशियारपुर, नवांशहर, रूपनगर, एस.ए.एस. नगर और फतेहगढ़ साहिब शामिल हैं।22 जुलाई को भी राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इन तारीखों के दौरान अगर आपका भी कहीं जाने का कार्यक्रम है तो सोच-समझ कर ही घर से निकलें, क्योंकि रास्ते में आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।बारिश के इस मौसम में काम पर जाने वाले लोग और स्कूल जाने वाले छात्र भी परेशान हो सकते हैं। इसी वजह से मौसम विभाग ने राज्यवासियों को इन दिनों के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है।

**उत्तर प्रदेश में बारिश के कारण नदियाँ और नाले उफान पर, वाराणसी में गंगा का कहर** - उत्तर प्रदेश में भी बारिश के कारण नदियाँ और नाले उफान पर हैं। वाराणसी में गंगा और वरुणा नदी में बाढ़ आ गई है। काशी में गंगा और वरुणा नदी के किनारे करीब 30,000 घर डेंजर जोन में हैं, और लोगों ने पलायन की तैयारी शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देहरादून में उत्तराखंड ...

बदौलत तीसरी बार नॉन -स्टॉप सरकार बनी है। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का देहरादून पहुंचने पर स्वागत किया।

### सूचना

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।
**मोब: 9416406615**

### पाठकों हेतु आवश्यक सूचना

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

### सूचना

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।
**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

### सदा आपके साथ

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

### आवश्यक सूचना

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227

### विपक्ष के दुष्प्रचार से घबराएं नहीं बल्कि तथ्यों के ....

और वापस ले जाने के लिए बसों का नि:शुल्क प्रबंध किया जा रहा है, ताकि युवाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। लड़कियों के साथ घर के एक सदस्य को भी जाने की अनुमति दी गई है।लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के मेहनतकश लोग हैं, इनमें कोई न कोई हुनर है। इस वर्ग के लोगों के साथ पूर्व की सरकारों में भेदभाव होता रहा है, लेकिन वर्तमान सरकार वंचितों और पिछड़ा वर्ग के लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की तर्ज पर क्रीमी लेयर की आय सीमा 6 लाख से बढाकर 8 लाख करने पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया।राजयसभा सांसद श्री रामचंद्र जांगड़ा ने मुख्यमंत्री आवास पर पिछड़ा वर्ग के लोगों की भारी संख्या को महाकुंभ बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से खुश होकर पिछड़ा वर्ग के लोग महापुरुषों की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में भी महाकुम्भ की तरह उमड़ पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महात्मा ज्योतिबा फुले और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की नीतियों पर चलते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति का उत्थान करने में लगी हुई है।इस अवसर पर धन्यवाद कार्यक्रम को मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती, पूर्व मेयर श्री मदन चौहान , श्री जवाहर सैनी ने भी सम्बोधित किया। कर्यक्रम में सतबीर वर्मा, देवेंद्र पांचाल, यशपाल, जय सिंह पॉल, श्री श्यामलाल जांगड़ा, रामचंद्र कम्बोज, पूनम सैनी, शारदा यादव, निर्मल बैरागी समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### एक ही परिवार के 5 लोगों ने ज़हर खाकर दी

... अभी साफ नहीं हो सकी है। फोरेंसिक टीम और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है और घर की तलाशी लेकर सबूत जुटा रही है।

**पड़ोसियों से पूछताछ, परिवार की पृष्ठभूमि खंगाल रही पुलिस** - पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे की असली वजह का पता लगाया जा सके। इसके अलावा, यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह परिवार बावला कब और क्यों आया था, और हालात क्या थे। **इलाके में मातम का माहौल** - घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर है। स्थानीय लोग स्तब्ध हैं कि एक पूरे परिवार ने ऐसा खौफनाक कदम क्यों उठाया। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### सीएम योगी पहुंचे दिल्ली,पीएम मोदी सहित कई

... में शीर्ष नेतृत्व से अलग-अलग मुलाकातें न हुई होतीं। इससे साफ है कि मुलाकातें सिर्फ औपचारिक नहीं, बल्कि इसके पीछे गंभीर संगठनात्मक और राजनीतिक कारण हैं। यूपी में बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति अब अधर में है। यह पद रणनीतिक रूप से बेहद अहम है क्योंकि 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव और उससे पहले कई स्थानीय चुनाव हैं। साथ ही संगठन के पुनर्गठन की चर्चा भी तेज है, जिससे चुनावी तैयारी को धार दी जा सके। बीजेपी हाईकमान मंत्रिमंडल में बदलाव को लेकर भी विचार कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक कुछ मंत्रियों के प्रदर्शन से पार्टी संतुष्ट नहीं है। साथ ही, कुछ पर भ्रष्टाचार या कार्यशैली को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। जेपी नड्डा से मुलाकात में योगी ने संभावित नए चेहरों और मौजूदा मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड पर चर्चा की ऐसा माना जा रहा है। बता दें अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', जैसे नेताओं की नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। अफसरशाही से लेकर संगठन में उपेक्षा तक, कई सहयोगी मीडिया में बयानबाजी कर चुके हैं।

### अनमोल गगन मान का यू-टर्न, पार्टी अध्यक्ष के ...

आप में शामिल होने वाले हैं और वह खरड़ विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार होंगे। इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि शुक्रवार को रणजीत सिंह गिल ने शिरोमणि अकाली दल से इस्तीफा दिया था। वहीं, शनिवार को अनमोल गगन मान ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन अनमोल गगन मान के इस्तीफा वापस लेने के बाद अब कुछ हद तक इन अटकलों पर भी विराम लग गया है। पंजाब सियासत से जुड़ी इस समय की बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, आम आदमी पार्टी की विधायक और पूर्व मंत्री अनमोल गगन मान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। यहीं नहीं, अनमोल गगन मान ने राजनीति छोड़ने का भी ऐलान किया है। उन्होंने विधानसभा स्पीकर को इस्तीफा भेज दिया है और कहा कि इसे स्वीकार किया जाए। अनमोल गगन मान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अपने इस्तीफे और सियासत छोड़ने की बात कही है। उन्होंने लिखा कि, दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं।

### पंजाब में हिंदू वोट बैंक को लेकर भाजपा का

... वोट बैंक जिस स्तर पर जाना चाहिए था, वहां नहीं गया। पार्टी के नेता 18 प्रतिशत वोट बैंक को लेकर बातें तो बहुत करते हैं, लेकिन ये लोग इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं कि यह वोट बैंक सीटों में कन्वर्ट नहीं हो रहा। और जब तक वोट बैंक सीटों में कन्वर्ट नहीं होता, राज्य में सरकार बनाने बारे सोचा भी नहीं जा सकता।

**अश्विनी शर्मा की वापसी ने जाहिर की कई संभावनाएं** - वर्ष 2017 से भारतीय जनता पार्टी पंजाब की सत्ता से बाहर है और उस समय पंजाब के भाजपा अध्यक्ष की डोर हिंदू नेता के हाथ में थी। कई एक्सपैरीमैंट करने के बाद शायद भाजपा को अब लगता है कि अपना पक्का हिंदू वोट बैंक ही उसे राज्य की सत्ता की चाबी दे सकता है, शायद इसी कारण पार्टी ने अश्विनी शर्मा को एक बार फिर से प्रदेश में अहम जिम्मेदारी दी है। लेकिन यह बात तो साफ है कि अश्विनी शर्मा की ताजपोशी के बाद राज्य में कुछ और बदलाव भी देखने को मिल सकते हैं, क्योंकि जितने भी इंपोर्टिड नेताओं को पार्टी ने अहमियत दी, उनमें से कोई भी राज्य में पार्टी की %अहमियत% नहीं बना पाया। उल्टा पार्टी को नुक्सान ही हुआ, क्योंकि पार्टी का अपना कैडर जो वर्षों से दरी बिछाने से लेकर चाय पिलाने का कार्य कर रहा था, और उसे जिसे पार्टी की रीढ़ की हड्डी कहा जाता था, वो भी पार्टी से विमुख हो गया। बेशक इनमें से अधिकतर लोगों ने किसी अन्य दल का हिस्सा बनने से बेहतर खामोश रहकर तेल की धार देखने का ही फैसला लिया।

## लेखक मनोहर लाल पवार ने उपायुक्त प्रीति यादव को पुस्तकें भेंट कीं



पटियाला 20 जुलाई (निस) गत दिवस लेखक पत्रकार श्री मनोहर लाल पवार द्वारा पटियाला के उपायुक्त डा. प्रीति यादव आईएएस को पुस्तकों वाटिका, विडम्बना एवं मानसी गंगा काव्य संग्रह भेंट की गयीं। श्री पवार ने बताया कि वह चार दशकों से अधिक समय से विभिन्न विषयों पर अखबारों, पत्रिकाओं में लिखते आ रहे हैं इसके अलावा धार्मिक व समाजिक गतिविधियों की कवरेज भी करते आ रहे हैं। उपायुक्त प्रीति यादव ने मनोहर लाल पवार की तारीफ करते हुए कहा कि आप सेवामुक्त होने के बाद भी लिखते आ रहे हैं यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। श्री मनोहर लाल पवार ने उपायुक्त को पिछले 45 सालों के दौरान प्रकाशित रचनाओं की सूची भी सौंपी। श्री मनोहर लाल पवार ने उपायुक्त के कामकाज की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## श्री गोविंद गौशाला में 100 पौधे लगाए, पर्यावरण की रक्षा के लिए लिया संकल्प

**रायपुररानी, 20 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ):** गांव रिहोड़ स्थित श्री गोविंद गौशाला ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास करते हुए



एक प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के तहत गौशाला के प्रांगण में कुल 100 फलदार, छायादार और फूलों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गौशाला प्रधान सुखदेव शर्मा गोगी ने कहा कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में पेड़-पौधों की अहम भूमिका है। हमारे स्वस्थ जीवन के लिए यह जरूरी है कि हम अपने पर्यावरण को शुद्ध रखें। पौधारोपण न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि यह हमारे धार्मिक कर्तव्यों का भी निर्वहन करता है। भारत में पेड़-पौधों को धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्व दिया जाता है। पीपल वृक्ष को विष्णु और कृष्ण से जोड़ा जाता है, वट वृक्ष ब्रह्मा, विष्णु और कुबेर का प्रतीक है और तुलसी का पौधा लक्ष्मी का रूप माना जाता है। इन वृक्षों में देवताओं का वास माना जाता है और यह हमें उन्हें संरक्षित करने की जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं। कार्यक्रम के दौरान मिशन संस्था के प्रधान डॉ. प्रभजोत प्रधान ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। पौधारोपण से हम न केवल पर्यावरण को बचाते हैं, बल्कि आत्मिक शांति भी प्राप्त करते हैं। इस मौके पर राम करण उप प्रधान मिशन संस्था, अरुण राणा, अक्षय राणा, जितेंद्र सैनी सरपंच, अमित शर्मा सरपंच, जितेंद्र वर्मा, अंकुश शर्मा एडवोकेट, शशि भूषण, युवराज, दीपक जांगरा, गौरव, अंकित शर्मा और जितेंद्र शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सड़क समस्या पर भाजपा शिष्टमंडल की राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा से मुलाकात, समाधान का दिया आश्वासन

**रायपुररानी, 20 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी क्षेत्र की जर्जर सड़कों को लेकर भाजपा का एक शिष्टमंडल राज्यसभा सांसद कार्तिकेय



शर्मा से मिला। इस मुलाकात में भाजपा मंडल सचिव पवन पराशर, अनिल राय, अरविंद वशिष्ट और मोक्षित पराशर ने भी भाग लिया।शिष्टमंडल ने सांसद के समक्ष रायपुररानी क्षेत्र की सड़कों की खस्ता हालत को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने सांसद से मांग की कि इस क्षेत्र की सड़कों के पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं, क्योंकि वर्तमान स्थिति में नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी देते हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि सर्दी-गर्मी हो या बारिश, इन जर्जर सड़कों के कारण रोज़ाना यातायात में भारी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। बारिश के मौसम में तो स्थिति और भी बिगड़ जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान सांसद कार्तिकेय शर्मा ने शिष्टमंडल की चिंताओं को गंभीरता से सुना और कहा कि इस मुद्दे को वह संबंधित विभागों तक जरूर लेकर जाएंगे। सांसद ने आश्वासन दिया कि वह इस समस्या को प्राथमिकता देते हुए समाधान की दिशा में त्वरित कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों स्तरों पर सड़कों के सुधार के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं और वह व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों से बातचीत करेंगे। साथ ही सांसद शर्मा ने उम्मीद जताई कि जल्दी ही इस समस्या का समाधान निकलेगा और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह मुद्दा उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा और वह स्थानीय लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## दर्शन अकादमी कालका द्वारा किया गया नेकी की दीवार का आयोजन

**कालका, 20 जुलाई ( अख्तर फ़ारूक़ी,अजीत सिंह ):** बच्चों में मानवता प्यार और सेवा की भावना को विकसित करने के लिए दर्शन अकादमी कालका द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2025 शनिवार को नेकी की



दीवार का आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों व स्टाफ के अन्य सदस्यों द्वारा कपड़े ,खिलौने और अन्य जरूरी सामान एकत्रित किया गया। तत्पश्चात कक्षा तीसरी और चौथी के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने राधेश्याम गौशाला (कालका) के निकट स्थित स्लम एरिया में जाकर जरूरतमंदो के बीच सभी सामग्री वितरित की। गौरतलब है कि विद्यालय द्वारा समय -समय पर नेकी की दीवार और रोटी बैंक का आयोजन किया जाता रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य निखिल खुराना ने बताया कि विद्यालय अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ प्यार ,सहयोग, परोपकार व सेवा भावना जैसे नैतिक मूल्य को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की अनेक गतिविधियां आयोजित करता है ताकि बच्चे समाज व मानवता के प्रति अपने कर्तव्य को समझ सके।

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Ms. Neha Goel**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Sonipat**
**CNR No. HRSO02-001398-2025**
**Next Date:- 29-08-2025**
Mayank through father Narender Singh
Versus
General Public
Notice to: General Public:- Sonipat
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **29.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Dated this day of, 18.07.2025
**Sd/- Ms. Neha Goel**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Sonipat**

---

**In the Court of**
**Ms. Vasundhara Rao**
**Civil Judge (Junior Division),**
**CNR No. HRYN02-002620-2023**
**Next Date:- 02-09-2025**
**CM/117/2023**
Rajesh Kumar
Versus
Parveen D/o Kamil
Application for Restoration of suit CS/894/2017 Which Was DiD Vide Order DT 10.05.2023
Notice to: Parveen D/o Kamil W/o Musroof R/o Vill. Chilkana Distt. Saharanpur U.P
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) Parveen could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) Parveen should appear in person or through counsel on **02.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Yamunanagar
Dated this day of, 15.07.2025
**Sd/- Ms. Vasundhara Rao**
**Civil Judge (Junior Division), Yamunanagar**

---

**In the Court of**
**Sh. Sudhir Kumar**
**Civil Judge (Senior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-004460-2021**
**Next Date:- 25-08-2025**
**CS/2520/2021**
State Bank of India
Versus
Balkar Singh Since Deceased Now Represented Through his Legal Heirs
Notice to: Balkar Singh son of Sh. Dewan Singh Since Deceased now represented through his legal heirs (a) Dilbagh Singh (c) Satnam Singh (d) Gurnam Singh (e) Gulab Singh All R/o Village Behlolpur, Tehsil and District Karnal.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **25.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of, 18.07.2025
**Sd/- Sh. Sudhir Kumar**
**Civil Judge (Senior Division), Karnal**

---

**In the Court of**
**Ms. Diksha Dass Ranga**
**Civil Judge (Senior Division), Yamunanagar at Jagadhri**
**CNR No. HRYN 02-001496-2020**
**Next Date:- 31-10-2025**
Union Bank of India, A body Corporate Constituted Under Banking, Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 Having its Head Office At 239, Vidhan Bhavan Marg, Nariman Point, Mumbai-400021 ANF a Branch Office at Jagadhri, Distt. Yamunanagar, Through its Branch Manager
Versus
Sh. Sheetal Singh S/o Sh. Rajbal Singh R/o Village Tigra, P.O Naharpor, Tehsil Jagadhri Distt. Yamunanagar Etc.
Notice to: 1) Sheetal Singh Father:- Sh. Raj Pal Singh 2) Sh. Shishpal @ Sheeshpal, S/o Rajbal Singh Both Village Tigra, P.O Naharpor, Tehsil Jagadhri, Distt. Yamunanagar 3) Sh. Mohan Singh S/o Sheetal Singh R/o Village Tigra, P.O Naharpor, Tehsil Jagahdhri Distt. Yamunanagar
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **31.**10.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Yamunanagar
Dated this day of, 16.07.2025
**Sd/- Civil Judge (Senior Division), Yamunanagar at Jagadhri**

---

**In the Court of**
**Ms. Shifa Karan Singh**
**Additional District and Sessions Judge, Jind**
**CNR No. HRJN01-007603-2023**
**Next Date:- 13-10-2025**
M/s Vijay Kumar Vipin Kumar Commission Agent
Versus
Hanuman Rice Mill
Case no. CA-280-2023
Notice to: 1. M/s Hanuman Rice Mill Taraori:- Taraori, Tehsil Taraori District Karnal a partnership concern through its partner Vipin Garg. 2. Vipin Garg S/o Subhash Chander (partner) r/o 151/3 Urban Estate Karnal. 3. Sushil Garg S/o Tara chand (Partner) r/o H no. 739/13 urban Estate Karnal. through his Lrs(i) Vishal Garg (Son) (ii) Anshul Garg (Son) (iii) Suresh Rani (wife) (iv) payal Garg (daughter) r/o House no.739/13 Urban Estate Karnal. 4. Rajesh s/o Shiv Parshad S/o Tara Chand (Partner) r/o House no. 739/13 Urban Estate Karnal.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **13.**10.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jind
Dated this day of, 16.07.2025
**Sd/- Ms. Shifa Karan Singh**
**Additional District and Sessions Judge, Jind**

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Sh. Sartaj Baswana**
**Additional District and Sessions Judge, Sonipat, Sonipat**
**CNR No. HRSO01-001244-2025**
**Next Date:- 06-09-2025**
Satyawan
Versus
General Public
Notice to: General Public, Sonipat
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **06.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Dated this day of 19.07.2025
**Sd/- Additional District and Sessions Judge, Sonipat, Sonipat**

---

**In the Court of**
**Sh. Sudhir Kumar**
**Civil Judge (Sr. Divn.), Karnal**
**CNR No. HRKR02-001232-2025**
**Next Date:- 20-09-2025**
**GW/15/2025**
Gurpreet Kaur
Versus
General Public
Notice to: General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **20.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of, 17.07.2025
**Sd/- Civil Judge (Sr. Divn.), Karnal**

---

**In the Court of**
**Sh. Sudhir Kumar**
**Civil Judge (Sr. Divn.), Karnal**
**CNR No. HRKR02-000673-2025**
**Next Date:- 12-09-2025**
**Succ/10/2025**
Suman Maini etc.
Versus
General Public
Notice to: General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **12.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of, 18.07.2025
**Sd/- Civil Judge (Sr. Divn.), Karnal**

---

**In the Court of**
**Sh. Sudhir Kumar**
**Civil Judge (Sr. Divn.), Karnal**
**CNR No. HRKR02-004460-2021**
**Next Date:- 25-08-2025**
**CS/2520/2021**
State Bank of India
Versus
Balkar Singh since deceased now represented through His Legal Heirs
Notice to: Balkar Singh s/o Sh. Dewan Singh since deceased now represented through his legal heirs (a) Dilbagh Singh (c) Satnam Singh (d) Gurnam Singh (e) Gulab Singh all r/o village Behlolpur, tehsil and district, Karnal.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **25.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of, 18.07.2025
**Sd/- Civil Judge (Sr. Divn.), Karnal**

---

**In the Court of**
**Shreya Bansal**
**Civil Judge (Jr. Divn.), Ambala**
**CNR No. HRAM02-002401-2024**
**Next Date:- 25-08-2025**
**CIS No. RP194/2024**
Murti Shri Ram chander Ji Maharaj installed in Thakurdwara kalantalab Naurang Rai, A/City
Plaintiff
Versus
Harnam Singh s/o Than Singh r/o Near Patel Road Ambala City
Defendant
**Rent Petition**
Notice to: 1. Harnam Singh s/o Than Singh r/o Near Patel Road Ambala City 2. Rita Gupta w/o Sh. Parmod Kumar s/o Sh. Mehar chand r/o H.No. 2148-2149-B-3, Near Post office, Patel Road, Ambala City.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **20.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Ambala
Dated this day of, 17.07.2025
**Sd/- Civil Judge (Jr. Divn.), Ambala**

---

**In the Court of**
**Shri Amberdeep Singh**
**Additional District and Sessions Judge, Panipat**
**CNR No. HRPP01-006028-2024**
**Next Date:- 03-09-2025**
Dilawar
Versus
Balkar Singh
misc. appeal
Notice to: Respondent No.5.- Sat Narayan s/o Ram Kumar s/o Pati Ram R/o Babarpur Mandi, Panipat Respondent No.8.-Madan Lal s/o Sh. Ghsita Mal s/o Ganeshi Mal R/o Near Raja Handloom, Opp. Hyderabadi Hospital, Sanoli Road, Panipat Respondent No.9.- Vijay Kumar s/o Dharam Singh R/o Vill-Jatal, Distt-Panipat Respondent No.10.- Ajay Singh s/o Jagbir Singh R/o Vill-Jatal, Distt-Panipat Respondent No.11.- Krishan Kumar s/o Amar Singh r/o Vill-Jatal, Dist-Panipat c/o Navyug Driving College, Near Sanajay Chowk, Jatal Road, Panipat Respondent No.12.-Joginder Kumar s/o Amar Singh r/o Vill-Jatal Road, Panipat c/o Navyug Driving College, Near Sanajay Chowk, Jatal Road, Panipat Respondent No.26.- Ms. Pooja Devi d/o Late Sh. Gulab Singh Respondent No.27.- Ms. Sunil Devi d/o Late Sh. Gulab singh Respondent No. 28.-Ms. Monika Rani d/o Late Sh. Gulab Singh Respondent No.29.- Surjeet Singh s/o Late Sh. Gulab Singh Respondent No.30.-Dilbagh Singh s/o Late Sh. Gulab Singh s/o Late Sh. Tek Chand r/o Vill-Barauli, Distt-Panipat. In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that respondent(s) should appear in person or through counsel on **03.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Panipat
Dated this day of, 17.07.2025
**Sd/- Shri Amberdeep Singh**
**Additional District and Session sJudge, Panipat**

# रक्तदान करके किसी की कीमती जिंदगी को बचाने से बड़ा पुण्य कोई नहीं

## संत निरंकारी भवन पर लगे शिविर में 123 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

**यमुनानगर,20 जुलाई ( दिनेश कुमार ):** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 18 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़ और संत निरंकारी मिशन के संयोजक बलराज मित्तल ने रिबन काट कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जोनल इंचार्ज सुरेंद्र पाल सिंह, प्रचारक महात्मा राकेश चांदना, ज्ञान प्रचारक महात्मा गुरनाम सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथियों द्वारा रक्तदाताओं का बैज लगाकर हौसला बढ़ाया गया। शिविर में निरंकारी भाई-बहनों ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। सुबह से ही



रक्तदान देने वालों की लम्बी कतारे लगनी शुरू हो गई थी। शिविर में 123 यूनिट रक्त सिविल अस्पताल रक्त केंद्र यमुनानगर से आई टीम द्वारा एकत्रित किया गया। इस अवसर रक्तदाताओं को धन्यवाद कार्ड, प्रमाण पत्र व पौष्टिक अल्पाहार दिया गया। जोनल इंचार्ज सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि संत निरंकारी मिशन सदैव ही मानवता की सेवा में लगा हुआ है। कोरोना काल में भी जब भी हमें रक्त की जरूरत हुई हम ने निरंकारी मिशन से मांग की तो इन्होंने साथ के साथ सेवादारों को ब्लड बैंक भेजा और मानवता की सेवा में निस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है। रक्तदान करके किसी की कीमती जिंदगी को बचाने से बड़ा पुण्य कोई नहीं है इसलिए रक्तदान जरूर करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने पर्यावरण की स्वच्छता के लिए पौधे लगाने की भी अपील की है। संयोजक महात्मा बलराज मित्तल ने बताया कि इंसान का रक्त ही इंसान की जान बचा सकता है इसका और कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का यह कथन कि रक्त नालियों में नहीं, इंसान की नाड़ियों में बहे, को चरितार्थ कर रहे है और मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने आगे बताया कि निरंकारी मिशन रक्तदान के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी स्थान पर है। फाउंडेशन द्वारा 1986 से आरंभ हुई परोपकार की यह मुहिम, महा अभियान के रूप में आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की रहनुमाई में चरमोत्कर्ष पर है। अब तक आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 14 लाख से अधिक यूनिट ब्लड इकट्ठा किया जा चुका है। मुख्यातिथि अमर सिंह ने कहा कि आज लोग हिंसा कर एक दूसरे का खून बहा कर सड़कों पर बिखरा रहे है, इधर संत निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान जैसे पुण्य कार्य कर लोगों की जान बचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आज देश के लिए जीने की जरूरत है। देश के लिए जिए, देश के लिए काम करे। छोटे छोटे कार्य कर हम देश की सेवा कर सकते है। यही कार्य आज निरंकारी मिशन ने रक्तदान शिविर लगाकर किया है। रक्तदान करने से हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी रक्तदान करने की प्रेरणा मिलती है। निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान, सफाई अभियान, पौधरोपण व अन्य सराहनीय कार्य किए जाते है।

## हांसी में अग्रावाल महिला विकास संगठन के सदस्यों ने तीज पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**हांसी,20 जुलाई ( मनमोहन शर्मा ):** हरियाणा अग्रवाल महिला विकास संगठन द्वारा तीज उत्सव समारोह हवेली में मनाया गया । समारोह के



मुख्य अतिथि नीतू जैन ,आशु जैन व सुनीता भ्याना, महक भ्याना थी । अध्यक्षा समाजसेवी सुदेश जैन, पुष्पा खांडेवाला , निर्मल गुप्ता व मुख्य अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन की ज्योत प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। दीपांशी शर्मा द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई ।प्रिया, नैना, डिंपल, ज्योति के द्वारा सावन के गानो पर डांस करके महिलाओं का मनोरंजन किया ।हरियाणवी प्रस्तुति डांस के रूप में सिमोनी , तिशा, परी, हुनर ने महिलाओं का मन मोह लिया ।नीतू व आशु ने जज का कार्य संभालते हुए मिसीज तीज क्वीन आशु गुप्ता ,मिसीज फोटो जेनिक प्रिया जैन व मिसीज चार्मिंग अनुष्का जैन रही । कॉमेडी एक्ट करके ईशा ,सीमा , रेनू,नीलम ने सबका मन मोह लिया ।करुणा बंसल के द्वारा महाराजा अग्रसेन के बारे में बताया । मंच संचालक रुचिका जैन, निर्मल जैन, सीमा जैन द्वारा कार्यक्रम को संभालने के लिए सम्मानित किया गया। आए हुए मुख्य अतिथियो को फटका ,माला व बुके देकर सम्मानित किया । तंबोला के विजेताओं को गिफ्ट दिया गया। इस मौके पर पहुंचे सभी पूजा, रेखा, ईशा, शशि ,शैली, पुष्पा वर्मा,सोनू ,रितु, तनु ,पल्लवी ,नंदिनी, डोली,सुमन,लवली,संगीता, सुनीता, मधु,प्रीति महिलाओं ने भरपूर आनंद लिया और सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।

## सनातन धर्म मंदिर रामनगर में सावन महोत्सव की भक्ति में डूबी शाम

*नम: शिवाय जाप परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गूंजे शिव भजन, हुआ रुद्राभिषेक व प्रसाद वितरण*

**करनाल, 20 जुलाई ( रविन्द्र ):** श्रावण मास के पावन अवसर पर रामनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में ? नम: शिवाय जाप परिवार की



ओर से सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा भक्ति भाव से ओम नम: शिवाय के जाप व शिव भजनों में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में ललित आर्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सेवा सदन प्रेम नगर के प्रधान राज कुमार ललित सपरिवार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हुए। महादेव जी की पूजा एवं अनुष्ठान विधिवत रूप से पूज्य कृष्णाचार्य जी द्वारा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति भक्त सतपाल मनोचा एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत शिव महिमा गायन रही, जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजनों के दौरान श्रद्धालु नाचते-गाते भगवान शिव के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। सावन महोत्सव की सफलता में कई श्रद्धालुओं व सेवकों ने तन-मन-धन से योगदान दिया। सेवादारों में संजय टिक्का, नरेश छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, अशोक दुआ, कपिल ढल, सुरिंदर अघि, विकास टिक्का, जसवंत मीढ़ा, राजेश मेहरा, शांति सचदेवा, साहिल खुराना, रोहित ग्रोवर, दीपक छाबड़ा, हन्नी मुंजाल, प्रेम कठपालिया, ज्योति मुंजाल, बबीता मक्कड़, रोज़ी टिक्का, तमन्ना मुंजाल व सुमन दुआ प्रमुख रूप से सक्रिय रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को शिव प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन की पूर्ण व्यवस्था सुचारु और भावपूर्ण रही, जिसे लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं ने ? नम: शिवाय जाप परिवार का आभार व्यक्त किया और इस तरह के आयोजन नियमित रूप से कराने की इच्छा जताई। हर हर महादेव के उद्घोषों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय महासम्मेलन की तैयारियों के लिए विधायक चंद्रप्रकाश की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में बैठक आयोजित

**हिसार,20 जुलाई ( मनमोहन शर्मा ):** कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व के भागीदारी न्याय महासम्मेलन के प्रति कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। इस महासम्मेलन की तैयारियों के लिए हिसार कांग्रेस जिला मुख्यालय-कांग्रेस भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिलेभर से काफी संख्या में ओबीसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। बैठक के दौरान पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, ओबीसी कॉर्डिनेटर लाल बहादुर खोवाल, वरिष्ठ नेता भूपेंद्र गंगवा, ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, हेमंत गुज्जर, कृष्ण छिंपा, कृष्णा भाटी, सुभाष सैन, विजेंद्र सैन व कुलदीप चारनौद सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। इस दौरान महासम्मेलन की तैयारियों और रणनीति पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक



चंद्रप्रकाश ने कहा कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 25 जुलाई को होने वाले न्याय महासम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ओबीसी के अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार ओबीसी समाज की अगुवाई कर रहे हैं और उनके अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसलिए यह महासम्मेलन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक चंद्रप्रकाश ने उपस्थित सभी साथियों को आश्वस्त किया कि दिल्ली में होने वाले न्याय महासम्मेलन में पहुंचने और वापस आने के लिए जिला ओबीसी कमेटी हिसार के सभी सदस्यों द्वारा उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हिसार जिले से अधिक से अधिक संख्या में ओबीसी समाज के लोग इस ऐतिहासिक महासम्मेलन में भाग लेकर न्याय योद्धा एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथ मजबूत करें। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए और महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए राहुल गांधी के मार्गदर्शन में ओबीसी समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## स्वस्थ नागरिक देश की तरक्की में दे सकते है अपना अहम योगदान : पुष्पा संधू

*फिट इंडिया मूवमेंट के तहत सेक्टर 2 में पूजा माडल स्कूल में निकाली साइकिल रैली*

**कुरुक्षेत्र, 20 जुलाई ( सुदेश कुमार ):** पूजा माडल स्कूल प्रबंधन कमेटी की चेयरमैन पुष्पा संधू ने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हुए साइकिलिंग या अन्य खेलों की तरफ



आगे बढ़ेगा तो निश्चित देश के नागरिक स्वस्थ होंगे और स्वस्थ होकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकेगा। पूजा माडल स्कूल प्रबंधन कमेटी की चेयरमैन पुष्पा संधू ने रविवार को सेक्टर 2 पूजा मॉडल स्कूल व भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में साइकिल रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साइकिलिंग को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करना होगा। जो व्यक्ति रोजाना साइकिलिंग करेगा, वह हमेशा स्वस्थ रहेगा, क्योंकि देश की तरक्की के लिए हर व्यक्ति का स्वस्थ होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस साइकिल रैली को लेकर युवाओं के उत्साह देखा जा रहा है। साई की तरफ से समय-समय पर आयोजित कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को एक नया मंच मिल रहा है। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल शशी पंवार, वाइस प्रिंसिपल नवीन गुप्ता, मनप्रीत कौर, विकास तोमर, मोनिका, सरला, अविनेश ने अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से की युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराइयों से दूर ले जाने के लिए खेलों की तरफ आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, साई कुरुक्षेत्र के सेवानिवृत्त चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी नरेश कुमार सैनी, समाजसेवी वीरभान, समाजसेवी सुभाष भारद्वाज, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल आदि उपस्थित थे।

## वर्ल्ड ड्रैगन बोट रेसिंग चैंपियनशिप में भारतीय मिक्स टीम ने हासिल किया छठा स्थान, हरियाणा की बेटियों का शानदार प्रदर्शन,कुरुक्षेत्र की मुकेश ने रचा इतिहास

*भारतीय दूतावास के सचिव ने खिलाड़ियों को बढ़ाया उत्साह, भारतीय मिक्स टीम का शानदार प्रदर्शन, 200 मीटर रेस में छठा स्थान*

**कुरुक्षेत्र, 20 जुलाई ( सुदेश कुमार ):** जर्मनी के ब्रैंडनबर्ग शहर में आयोजित 17वीं वर्ल्ड ड्रैगन बोट रेसिंग चैंपियनशिप में भारतीय मिक्स टीम (पुरुष-महिला) ने 200 मीटर रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए छठा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता विश्वभर के खिलाड़ियों के लिए गौरव का मंच मानी जाती है और भारत की यह रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। भारतीय टीम के इस मिक्स इवेंट में देशभर खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें तीन खिलाड़ी हरियाणा राज्य से थे। इन खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों ने देश की शान बढ़ाई और खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कुरुक्षेत्र की बेटी मुकेश ने किया धर्म क्षेत्र का नाम ऊंचा हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के गांव मुकीमपुर निवासी मुकेश कुमारी ने इस विश्व प्रतियोगिता में भारत का नाम रोशन किया और धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र का नाम ऊंचा किया है। मुकेश एक होनहार ड्रैगन बोट रेसर हैं और इससे पहले तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनके पिता मोहिंदर सिंह और माता ओमपती देवी ने बेटी की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि





मुकेश ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुकेश की इस सफलता के पीछे वर्षों की कठिन मेहनत, समर्पण और अनुशासन का योगदान है। मुकेश के अलावा कुरुक्षेत्र जिले के कोलापुर गांव के चरणजीत सिंह सैनी और करनाल जिले की पूजा भारती ने भी भारतीय मिक्स टीम का हिस्सा बनकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूजा भारती ने अपनी लगन और खेल के प्रति समर्पण से सभी को प्रभावित किया। तीनों हरियाणवी खिलाड़ियों ने यह सिद्ध किया कि हरियाणा न केवल कुश्ती और कबड्डी में बल्कि जलक्रीड़ाओं में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ रहा है। गांव मुकिमपुरा में मुकेश की उपलब्धि पर जश्न का माहौल है, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत करने की तैयारी की है। गांव के सरपंच, स्कूल शिक्षक और कोचों ने भी मुकेश की प्रशंसा करते हुए उन्हें बेटियों की प्रेरणा बताया। भारतीय दूतावास के सचिव ने टीम को दी शुभकामनाएं, खिलाड़ियों का बढ़ाया मनोबल

ब्रैंडनबर्ग में भारतीय टीम के प्रदर्शन को सराहते हुए बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास के प्रमुख सचिव श्री अभिषेक दुबे विशेष रूप से प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और भारत का गौरव बढ़ाने के लिए धन्यवाद और सराहना व्यक्त की।

इस अवसर पर टीम लीडर राकेश कुमार ने बताया कि भारतीय दूतावास द्वारा दिखाई गई यह आत्मीयता खिलाड़ियों के लिए एक बहुत बड़ा मनोबल है। सचिव अभिषेक दुबे ने खिलाड़ियों के साथ औपचारिक मुलाकात की और एक सामूहिक फोटो सत्र में भाग लेकर सभी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा अब हर क्षेत्र में अपने कौशल से दुनिया को चौंका रहे हैं।

इस मुलाकात में भारतीय टीम के अन्य सदस्य — नितिन सिंह बिधू, रूप प्रताप सिंह चौहान, चंदनजीत सैनी, अमनजोत कौर, कमला कुमारी, सबजोत कौर, मरियम, एलन पुंडी, पूजा भारती, मुकेश कुमारी सहित अन्य सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।

टीम लीडर ने बताया कि अगली रेस के लिए पूरी टीम अब और अधिक जोश और विश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। इस मौके पर खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि भारत सरकार और दूतावास का समर्थन उन्हें नई ऊर्जा देता है।

भारत की इस मिक्स टीम का छठा स्थान प्राप्त करना, हरियाणा के खिलाड़ियों की भागीदारी और विशेषकर कुरुक्षेत्र की मुकेश कुमारी की सफलता न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह प्रमाण है कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। मुकेश जैसी बेटियां आज देश का नाम ऊंचा कर रही हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन रही हैं। भारत अब जलक्रीड़ाओं में भी अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है और आने वाले समय में निश्चित ही यह टीम स्वर्ण पदक की ओर अग्रसर होगी।

## पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष सीमित हरियाणा ने सरकार के पुतले दहन किये

**रतिया,20 जुलाई ( अमन सेठी ):** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष सीमित हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर एक सप्ताह तक हरियाणा



मे भाजपा सरकार के खिलाफ अभियान के तहत सरकार के पुतले दहन कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम दिन तहत प्रदीप शेखुपुर सोतर के नेतृत्व मे अनेक गांवों मे सरकार के पुतले दहन किये गए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने सम्बोधित करते हुए कहा सरकार जनविरोधी नीतियां लागू कर है भाजपा शासन मे किसानो को डीएपी खाद नही मिल रही, नकली खाद बिक रही है, किसान लाइनों मे लग कर खाद ले रहे। उपर से बिजली बिलो मे भारी बढोतरी सरकार ने कर दी है जिससे जनता पर आर्थिक बोझ बढेगा। मनदीप नथवान ने कहा कि नहरों मे दो सप्ताह पानी की मांग एच टी लाइनों पर उचित मुआवजा दिया जाए। मेवात के किसानो को इंसाफ मिले ,स्मार्ट मीटर न लगाए जाए। किसानो पर झुठे मुकदमे रद्द किए जाए भ्रष्टाचार नशाखोरी गुंडागर्दी पर रोक लगाई जाए भ्रष्टाचार के आरोप लगने वाले डीएसपी संजय बिश्नोई की उच्चस्तरीय जांच की जाए ट्यूबवेल कनेक्शन बिना शर्त बिना देरी जारी करो नकली खाद्य पदार्थ बेचने वालो को खिलाफ कार्यवाही करो तमाम मांगो को लेकर पगड़ी सम्भाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा प्रदेश मे आन्दोलन चला रही है 21 जुलाई को तहसील व जिला मुख्यालय पर मांग पत्र दिए जाएंगे इस मौके पर कुलवीर चहल, गग्गी चहल, सुखदीप रंधावा, प्रदीप शेखुपुर सोतर, लखा अहरवा, गुरविंदर तामसपुरा, मेवा दादूपुर, नहर खाई, हाकम खाई ,निर्मल पिलछिया ,परमजीत पिलछिया, अमरजीत लघुवास ,पाल संधू ,गुरलाल ग्रेवाल,व अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

## 26 बोतल अवैध शराब के साथ एक काबू

**हांसी,20 जुलाई ( मनमोहन शर्मा ):** जिला भर अपराधो पर लगाम लगाते हुए सीआईए नारनौंद पुलिस ने 26 बोतल अवैध शराब बलवान पुत्र रिसाल निवासी पुट्टी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए नारनौंद में तैनात मुख्य सिपाही सुनील ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान एक व्यक्ति को गांव पुट्टी से 26 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर व्यक्ति के खिलाफ थाना बास में शराब अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कर अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लिया गया है।

## हिसार चूँगी के पास ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का किया 10,000 रुपए का चालान

**हांसी,20 जुलाई ( मनमोहन शर्मा ):** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन भा.पु.से. के दिशा-निर्देशानुसार, हांसी ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करते हुए हिसार चुंगी पर वाहनों की चेकिंग के दौरान ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी को रोका, जिसके शीशों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगी हुई थी। जिसका मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गाड़ी का 10,000/- रुपए का चालान किया गया एवं मौके पर ही गाड़ी के शीशे से ब्लैक फिल्म को उतारा गया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि ब्लैक फिल्म लगाना कानूनन प्रतिबंधित है, क्योंकि इसका उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों को छुपाने के लिए किया जाता है। इस प्रकार के उल्लंघनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ट्रैफिक पुलिस, सभी थाना प्रबंधकों एवं चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई वाहन चालक ब्लैक फिल्म का प्रयोग करता पाया गया, तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपने वाहनों पर किसी भी प्रकार की अवैध फिल्म या काले शीशे का प्रयोग न करें, ताकि शहर में कानून व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके

# सम्पादकीय

## जब हाईकोर्ट का जज सुप्रीम कोर्ट से न्याय मांगे

भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में शायद यह पहला अवसर है। जब एक हाईकोर्ट के न्यायाधीश, जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट और न्याय की कार्यप्रणाली को असंवैधानिक बता दिया है। वह शीर्ष अदालत से न्याय मांगने पहुंचे हैं। यह मामला जितना कानूनी है, उतना ही संस्थागत, नैतिक और संवैधानिक संकट को भी दर्शाता है। संविधान प्रदत न्यायपालिका विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र की विश्वसनीयता और मूल सिंद्धान्त पर भी एक प्रश्न चिन्ह है। जस्टिस वर्मा के दिल्ली आवास पर जली हुई नकदी कांड के बाद गंभीर सवाल खड़े है। सुप्रीम कोर्ट की इन हाउस कमेटी की जांच में उनके खिलाफ ठोस आरोप सामने आए। उनके आवास से नकदी मिलना, असामान्य व्यवहार, सबूतों को लेकर सवाल और जांच में जस्टिस वर्मा का सहयोग नही करने का उल्लेख है। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने उन्हें जज के पद से हटाने की सिफारिश की थी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने वर्मा को इस्तीफा देने का मौका दिया था। वर्मा ने पेशकश नहीं मानी उन्होंने अंतिम दांव चलते हुए खुद सुप्रीम कोर्ट में इन हाउस जांच प्रक्रिया को असंवैधानिक घोषित करने की याचिका सुप्रीम कोर्ट में पेश की है। एक हाईकोर्ट जज ही न्यायपालिका की प्रक्रिया पर भरोसा नहीं कर रहा है। फिर आम आदमी न्यायपालिका से क्या उम्मीद करे? वर्मा का कहना है, संसद के अनुच्छेद 124 और 218 के अंतर्गत ही न्यायाधीशों को पद से हटाने की शक्ति निहित है। सुप्रीम कोर्ट की इन हाउस जांच असंवैधानिक है। उन्होंने न्याय प्रक्रिया के मूल सिद्धांत, प्राकृतिक न्याय के उल्लंघन करने का आरोप जांच करने वाले न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश पर लगाया है। सवाल यह है, क्या यह एक दोषी व्यक्ति के बचाव की रणनीति है, या वाकई संवैधानिक बहस की ज़रूरत? क्या जस्टिस वर्मा के खिलाफ कोई साजिश रची गई है। उस साजिश के तहत यह सब किया जा रहा है। यदि वर्मा दोषी हैं, तो उन्हें कठोरतम सज़ा मिलनी ही चाहिए। यदि न्यायपालिका की प्रक्रिया में खामियां हैं, तो उनमे बहस और सुधार जरूरी है। बर्मा ने अपनी याचिका में जिस तरह के तथ्य रखे हैं। अपराध की जिस तरह से जांच होनी चाहिए। उन नियमों का पालन उनके आरोपों पर नहीं किया गया है। यह भी स्पष्ट रूप से याचिका मे प्रदर्शित हो रहा है। यह मामला सिर्फ वर्मा बनाम सुप्रीम कोर्ट का नहीं है। न्यायपालिका की आंतरिक पारदर्शिता, संविधान के प्रति जवाबदेही तथा नागरिक के मौलिक अधिकारों से संबंधित है। संविधान सम्मत न्यायपालिका विधायका और कार्यपालिका की भी अग्निपरीक्षा है। देश देख रहा है, क्या सुप्रीम कोर्ट न्यायपालिका को निष्पक्ष न्याय का प्रतीक बनाकर रख पायेगा। या न्यायपालिका की साख को संस्थागत घेरे में चुप्पी साध कर इस मामले को रफा दफा करने का प्रयास करेगा। पिछले एक दशक में न्यायपालिका जिस दबाव में कार्य कर रही है। न्यायपालिका की कार्यवाही सुझाव और फैसला भी आए दिन चर्चाओं में बने रहते हैं। पिछले एक दशक में सरकार के प्रति न्यायपालिका का झुकाव यह साबित करता है। न्यायपालिका के ऊपर वह भरोसा आम आदमियों को नहीं रहा, जो न्यायपालिका को लेकर 2014 के पहले था। सरकार भी जब बार-बार यह कहती है, सरकार से सहमत नहीं हो तो कोर्ट चले जाओ। पिछले एक दशक में जिस तरह की कार्यवाही न्यायपालिका की होनी चाहिए थी। वह नहीं हुई। न्यायपालिका से सरकार को समय-समय पर संरक्षण मिलता रहा है। जस्टिस लोया जैसे मामले में भी न्यायपालिका ने जिस तरह से फैसला किया। उसके बाद यह माना जाने लगा न्यायपालिका के ऊपर यह सरकार का दबाव है। पिछले एक दशक में कॉलेजियम की अनुशंसाओं पर सरकार ने जिस तरह का पलीता लगाया है। वह भी जग जाहिर है। सरकार अब न्यायपालिका को शायद अपने अधीनस्थ मानकर चल रही है। सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा एवं अन्य कारण बताकर बंद लिफाफे में जानकारी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में दे रही है। सरकार की जांच एजेंसियों द्वारा असंवैधानिक रूप से जो कार्यवाही की गई है। उस पर भी न्यायपालिका लंबे समय तक चुप्पी साध कर रखती है। जस्टिस वर्मा वाले मामले में भी अभी तक यह उजागर नहीं हुआ है, कि उनके यहां जले हुए नोट कितने थे, वह नोट कहां से आए थे, उसके संबंध में फायर ब्रिगेड और दिल्ली पुलिस ने सारी जानकारी एकत्रित क्यों नहीं की। जिसके कारण जस्टिस वर्मा को यह कहने का मौका मिल रहा है, कि उन्हें फसाया गया है। उनके खिलाफ यह एक साजिश है। जांच प्रक्रिया का पालन सही तरीके से नहीं किया गया। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के ऊपर जिस तरह से उन्होंने संवैधानिक एवं कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं करने का तथ्य अपनी याचिका में पेश किया है। उससे न्यायपालिका की साख पर प्रश्न चिन्ह लगा है। जैसे वर्मा ने अपने बचाव के लिए जिस तरह से न्यायपालिका और सरकार के बीच का संघर्ष उजागर किया है। इसमें फैसला कुछ भी हो, भारत की न्यायिक परंपरा या तो मजबूत होगी, या और कमजोर होगी। जिस तरह की स्थितियां वर्तमान में देखने को मिल रही हैं। उसमें बार-बार विपक्ष संविधान को खत्म करने जैसी बात कर रहा है। न्यायपालिका की कमजोरी का लाभ, सरकार और कार्यपालिका उठा रही है। आम लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है न्यायपालिका और संविधान के प्रति लोगों का विश्वास डिग गया है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। जस्टिस वर्मा की याचिका के मंथन से अमृत निकलेगा या विष निकलेगा। इसके लिए समय का इंतजार करना ही पड़ेगा। समय के साथ सारी चीजों में परिवर्तन आता है, स्थायी कुछ भी नहीं है।

# संसद का मानसून सत्र : आप्रेशन सिंदूर एवं एसआईआर पर चर्चा

**– बीपी गौतम**

संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है, जो 21 अगस्त तक चलेगा, जिसको लेकर पक्ष-विपक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में व्यस्त हैं, इस सत्र में सरकार कई अहम विधेयक पारित कराने का प्रयास करेगी, वहीं विपक्ष भी तमाम मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। दिल्ली की भीषण गर्मी में बारिश की बूंदें उमस को भी बढ़ा देती हैं, इसी तरह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई भयावह आतंकी वारदात और सशस्त्र बलों द्वारा चलाये गये साहसिक ऑपरेशन सिंदूर के बाद संसद का पहला सत्र आयोजित हो रहा है, जिसमें बिहार का एसआईआर मुद्दा राजनैतिक उमस बढ़ाने का कार्य कर सकता है, इस सबके बीच संसद को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जा रहा है एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये हैं, इसी विषय पर चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...

**21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा मॉनसून सत्र**

संसद के मॉनसून की तिथि पास आ गई है। मॉनसून सत्र का शुभारंभ 21 जुलाई से होगा, जो 21 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू मॉनसून सत्र की घोषणा कर चुके हैं और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मॉनसून सत्र बुलाने के प्रस्ताव को संस्तुति प्रदान कर चुकी हैं। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह है, जिसके चलते 13 और 14 अगस्त को सदन नहीं बैठेगा। मॉनसून शुरू होने से पहले 20 जुलाई को सुबह 11 बजे सर्वदलीय बैठक होगी, जिसमें सत्र के एजेंडों और विधेयकों पर चर्चा होनी प्रस्तावित है।



मॉनसून सत्र में प्रस्तावित हैं कई अहम विधेयक-मॉनसून सत्र में विधेयकों को लेकर संभावना जताई जा रही है कि सदन में मोदी सरकार 16 विधेयक ला सकती है, जिनमें से 8 नये और 8 पुराने विधेयक हो सकते हैं। मोदी सरकार जिन 16 विधेयकों को पारित कराने की योजना बना रही है, उनमें मर्चेंट शिपिंग बिल, इंडियन पोर्ट्स बिल- 2025, तटीय नौवहन विधेयक, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल, मणिपुर जीएसटी बिल, आईआईएम संशोधन बिल और टैक्सेशन संशोधन बिल सम्मिलित हैं। मर्चेंट शिपिंग बिल देश के समुद्री व्यापार और शिपिंग रूल्स को आधुनिक बनाने के लिये प्रस्तावित है। इंडियन पोर्ट्स बिल-2025 देश की बंदरगाहों के मैनेजमेंट और एग्जीक्यूशन को और बेहतर बनाने के लिये प्रस्तावित है। तटीय नौवहन विधेयक भारत के समुद्र तटीय क्षेत्रों में नौवहन गतिविधियों को रेगुलेट करने के लिये, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल देश के खेल प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिये, नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल खेलों में डोपिंग रोकने के लिये नियमों को और कड़ा बनाने के लिये, मणिपुर जीएसटी बिल पूर्वोत्तर देश मणिपुर में वस्तु और सेवा कर से जुड़े विशेष प्रावधान करने के लिये और टैक्स या, इनकम टैक्स से जुड़े कानूनों में बदलाव करके उन्हें और आसान एवं पारदर्शी बनाने के लिये टैक्सेशन संशोधन बिल पेश किया जायेगा।

नया आयकर विधेयक पिछले सत्र में पेश किया गया था और फिर आगे की जांच के लिये एक संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया था, इस विधेयक इस सत्र में पारित हो जाता है तो, कानून बन जायेगा और फिर कानून 1 अप्रैल 2026 से लागू हो जायेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में संसद को बताया था कि नया विधेयक 1961 के आयकर अधिनियम की जटिल शब्दावली को कम करेगा और आम आदमी के लिये इसे समझना आसान बनायेगा।

जियोहेरिटेज साइट्स एंड जियो-रिलिक्स (संरक्षण और रख-रखाव) विधेयक- 2025 के बारे में बताया जा रहा है कि इसका उद्देश्य देश के भू-वैज्ञानिक महत्व वाले स्थलों और अवशेषों की घोषणा, संरक्षण और रख-रखाव सुनिश्चित करना है, इस विधेयक के माध्यम से भू-वैज्ञानिक अध्ययन, शिक्षा, अनुसंधान, जनजागरूकता और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जायेंगे।

यह हैं मॉनसून सत्र के अहम मुद्दे जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुये भयावह आतंकी हमले और भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के बाद मॉनसून सत्र होगा, इसलिये मॉनसून सत्र में न सिर्फ चर्चा बल्कि, हंगामा होने के भी आसार दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि विपक्ष पहले ही उक्त दोनों मुद्दों पर विशेष सत्र बुलाने की मांग मोदी सरकार से करता रहा है, जिसे ठुकरा दिया गया था, इस सत्र में मणिपुर में लगे राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हो सकती है, इसके अलावा मणिपुर में हिंसा और महिला सुरक्षा, भारत और पाकिस्तान में सीजफायर को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों पर भी चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर विपक्ष यानी, कांग्रेस और आरजेडी चुनाव से महीनों पहले मतदाता सूची में संशोधन के फैसले का विरोध कर रहे हैं, जिस पर सदन में हंगामा होने के आसार लग रहे हैं। महाराष्ट्र का मराठी भाषा विवाद, ट्रंप के टैरिफ सहित कई मुद्दों पर विपक्षी दल और कांग्रेस मोदी सरकार को घेरने का प्रयास कर सकते हैं, साथ ही कांवड़ यात्रा का मुद्दा भी सदन में गूँज सकता है।

यशवंत वर्मा पर चल सकता है महाभियोग-दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े विवाद पर भी मॉनसून सत्र के दौरान बहस होने की संभावना जताई जा रही है। यशवंत वर्मा पर मॉनसून सत्र में महाभियोग चलाया जा सकता है। मार्च में दिल्ली स्थित उनके बंगले में लगी आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मियों द्वारा नकदी के बंडल बरामद किये जाने के बाद, न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने अपनी ओर से किसी भी गड़बड़ी से स्पष्ट मना किया था और जब्त की गई नकदी को एक षड्यंत्र बताया था।

इसके अलावा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के कथित सांप्रदायिक बयानों को लेकर भी विपक्ष सरकार पर सवाल उठा सकता है।

सफल रहा था संसद का बजट सत्र बजट सत्र की बात करें तो, अप्रैल माह में समाप्त हुये संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता लगभग 18 प्रतिशत रही थी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू के अनुसार राज्यसभा में भी भरपूर कामकाज हुआ, इस सदन की उत्पादकता 119 प्रतिशत रही थी। संसद के दोनों सदनों में 16 विधेयक पारित किये गये थे, इस सत्र के दौरान हंगामा भी हुआ था लेकिन, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के बाद, वक्फ (संशोधन) विधेयक- 2025 पारित किया गया था।

आक्रामक रणनीति अपना सकता है विपक्ष -संसद के मॉनसून सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट गये हैं, इस सत्र में मोदी सरकार विधेयकों को पारित कराने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, वहीं विपक्ष सरकार को असफल साबित करने का भरपूर प्रयास करेगा। पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर के साथ बिहार में चुनाव हैं, इसलिये कांग्रेस-राजद इस सत्र में पूरी मजबूती के साथ मुसलमान समुदाय के वोट काटे जाने का मुद्दा उठा सकते हैं, जिससे इस मुद्दे पर हंगामा होने के आसार हैं

# सावन मास का आध्यात्मिक महत्व एवं भगवान शिव की महिमा

**– पूनम चतुर्वेदी शुक्ला**

भारतीय संस्कृति में प्रत्येक ऋतु, माह, दिन और क्षण का एक विशिष्ट धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है। इसी क्रम में 'सावन मास'—जो कि वर्षा ऋतु के मध्य में आता है—एक ऐसा पवित्र कालखंड है जो पूर्णतः भगवान शिव को समर्पित होता है। सावन मास में वातावरण का नैसर्गिक सौंदर्य, वर्षा की शीतलता, धरती की हरियाली, मनुष्य के भीतर भक्ति की ऊर्जा को जाग्रत करती है। भारतीय पंचांग के अनुसार यह महीना चातुर्मास का आरंभिक काल होता है, जिसे धर्म और तपस्या का काल कहा जाता है। विशेष रूप से उत्तर भारत, नेपाल और शिवभक्तों के लिए सावन मास अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इसी समय भगवान शिव की आराधना की जाती है और कांवड़ यात्रा जैसी श्रद्धा से परिपूर्ण परंपराएं आरंभ होती हैं।

सावन मास का धार्मिक महत्व = हिंदू धर्म में सावन मास को 'श्रावण मास' के रूप में जाना जाता है और यह मास पूर्णतः शिव भक्ति के लिए आरक्षित माना जाता है। पुराणों के अनुसार, समुद्र मंथन तब संपूर्ण ब्रह्मांड को उसकी ज्वाला से बचाने हेतु भगवान शिव ने उसे अपने कंठ में धारण किया और नीलकंठ कहलाए। सावन मास में इसी घटना का स्मरण करते हुए भगवान शिव को जलाभिषेक किया जाता है ताकि उनकी तपन को शीतलता मिल सके। यह जलाभिषेक भक्तों द्वारा गंगाजल, दूध, शहद और अन्य पवित्र द्रव्यों से किया जाता है। इस मास में सोमवार का विशेष महत्व होता है जिसे 'श्रावण सोमवर' कहते हैं। ऐसा माना जाता है कि सावन के सोमवार को विधिपूर्वक उपवास रखकर शिवजी की पूजा-अर्चना करने से इच्छित फल की प्राप्ति होती है। स्त्रियां सौभाग्य की प्राप्ति और सुयोग्य वर की कामना से यह व्रत करती हैं, जबकि पुरुष भी आरोग्य, समृद्धि और आत्मिक शुद्धि के लिए इस व्रत को रखते हैं।



शिवतत्त्व की दार्शनिक व्याख्या = भगवान शिव केवल एक देवता नहीं बल्कि एक तत्त्व हैं—वह ब्रह्मांड के अद्वैत सिद्धांत के जीवंत प्रतीक हैं। वे संहारक हैं, परंतु उसी संहार में नवसृजन की संभावना छिपी होती है। वे योग के आदि स्रोत हैं—आदि योगी, आदि गुरु। शिव की उपस्थिति ध्यान, मौन और आत्मसाक्षात्कार की प्रक्रिया में होती है। शिव का हर स्वरूप, हर प्रतीक एक गूढ़ दार्शनिक भाव लिए हुए है।

त्रिशूल उनके तीन गुणों—सत्व, रज और तम—पर नियंत्रण का प्रतीक है। डमरू से सृष्टि की ध्वनि—'नाद' उत्पन्न होती है, जिससे सृष्टि के बीज मंत्र निकलते हैं। जटाजूट से बहती गंगा जीवन और पवित्रता का संकेत देती है। वृषभ (नंदी) उनके वाहन रूप में धर्म, संयम और सेवा का प्रतीक है। श्मशान में निवास करने वाले शिव इस बात का बोध कराते हैं कि जीवन और मृत्यु का भेद कृत्रिम है—परम सत्य केवल आत्मा है जो अमर है।सावन और शिवभक्ति की मनोवैज्ञानिक अनुभूति =सावन का महीना केवल पूजा का समय नहीं होता, यह आत्मान्वेषण, शुद्धिकरण और ध्यान का उपयुक्त काल होता है। वर्षा के शीतल जल की तरह यह महीना मन को भी शीतलता प्रदान करता है। जल की बूँदों की तरह शिव की कृपा भी भक्तों पर बरसती है। भौतिक जगत की कोलाहल से अलग होकर जब व्यक्ति शिव के ध्यान में लीन होता है, तब उसे परम शांति का अनुभव होता है। शिव को अर्धनारीश्वर रूप में भी पूजा जाता है, जो जीवन के संतुलन का प्रतीक है—पुरुष और स्त्री, शक्ति और शिव, संकल्प और क्रिया—सभी का एकत्व। सावन मास में प्रकृति भी इसी संतुलन की झलक देती है—धरती की प्यास बुझती है, आकाश नाचता है, पेड़ हरे-भरे होते हैं और जीव-जंतु उल्लासित होते हैं। यह सब शिव की जटाओं से बहती कृपा के ही रूप हैं।

**श्रद्धा का पर्व = कांवड़ यात्रा** = सावन मास में 'कांवड़ यात्रा' एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान होता है जिसमें लाखों श्रद्धालु गंगोत्री, हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर, देवघर आदि से गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करके शिवलिंगों पर जल चढ़ाते हैं। ये भक्त कांवड़िए कहलाते हैं और पूरे अनुशासन, ब्रह्मचर्य और नियमों का पालन करते हुए यह यात्रा करते हैं। यह यात्रा न केवल एक धार्मिक आयोजन होती है बल्कि संयम, श्रद्धा और समर्पण का ऐसा उदाहरण होती है जो भारत की आध्यात्मिक चेतना को प्रमाणित करती है।

शिवपुराण में सावन का उल्लेख = 'शिव महापुराण' में सावन मास की महिमा अत्यंत भावपूर्ण रूप से वर्णित है। इसमें कहा गया है कि इस मास में एक बार 'ओम् नमः शिवाय' का जप करने से सहस्त्र बार जपने के समान फल प्राप्त होता है। इस मास में बिल्वपत्र, धतूरा, आक, गंगा जल और भस्म से की गई पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। शिवपुराण के अनुसार श्रावण मास में शिव का पूजन करने वाला जीव इस जीवन में भी सुख प्राप्त करता है और मृत्यु के बाद शिवलोक को प्राप्त करता है।

लोक-संस्कृति और सावन =सावन केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, यह भारतीय लोक-संस्कृति का भी एक उल्लासमयी पर्व है। विशेष रूप से महिलाएं इस महीने को बहुत उल्लास से मनाती हैं। झूले पड़ते हैं, सावन के गीत गूंजते हैं—कजरी, झूला, सोहर जैसी लोक विधाओं में शिव-पार्वती का वर्णन होता है। स्त्रियां हरी चूड़ियां पहनती हैं, हाथों में मेहंदी लगाती हैं और सौंदर्य के प्रतीकों के माध्यम से शिव-पार्वती के सौभाग्य की कामना करती हैं। यह मास स्त्री-शक्ति के भी जागरण का समय होता है, जब गौरी के रूप में नारियों की साधना होतीहै।

**भक्ति और योग का समन्वय**

सावन का महीना योग, ध्यान और तपस्या का सर्वोत्तम काल है। भगवान शिव को योग का अधिपति माना जाता है। 'शिव सूत्र' और 'विज्ञान भैरव तंत्र' जैसे ग्रंथों में शिव ने ध्यान और योग की विविध विधियों को बताया है, जिनका अभ्यास विशेष रूप से सावन में किया जाता है। शरीर और मन का शुद्धिकरण करते हुए उपवास, प्राणायाम और मंत्रजप से व्यक्ति शिव के समीप पहुंच सकता है।

# हादसों को रोकने के लिए सख्त एक्ट कब बनाए जाएंगे

**– निर्मल रानी**

याद कीजिए 31 मार्च, 2016 को राज्य में हो रहे चुनावी दंगल के बीच कोलकाता में विवेकानंद फ़्लाईओवर गिरने की घटना और उसके बाद इस हादसे पर हुई ज़बरदस्त राजनैतिक बयानबाज़ी को । इस हादसे को लेकर बंगाल की ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने ज़बरदस्त हमला बोला था। उस हादसे में 25 लोग मारे गये थे। पुल निर्माता कम्पनी ने इस हादसे को दैवीय कृत्य बताकर हादसे के कारण पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। परन्तु उसी दौरान बंगाल में अपनी चुनावी सभाओं में इस हादसे को ज़ोरदार चुनावी मुद्दा बनाते हुये तरह तरह की बातें की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा था कि कोलकाता में हुआ फ़्लाईओवर हादसा दैविक संदेश है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ़ गॉड नहीं एक्ट ऑफ़ फ़्रॉड है। प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था कि वामपंथ और दक्षिणपंथ को भूल जाइए, उनके बारे में चिंता कीजिए जो मर रहे हैं। कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए। लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि उनकी(ममता) बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ठेका पिछली वाम मोर्चा की सरकार के शासनकाल में दिया गया था। मैं दीदी से यह बात पूछना चाहता हूं कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन के वक़्त उन्होंने क्या यह बात कही कि इसका ठेका वाम मोर्चे की सरकार ने दिया था? नहीं, आपने इसका श्रेय लिया। अब चूंकि यह गिर चुका है, इसलिए आप दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। यह आपकी पैसे और मौत की राजनीति का एक हिस्सा है। उसी समय मोदी ने बड़े गर्व से यह भी फ़रमाया था कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, वहां चौतरफ़ा विकास हो रहा है।

आपने बंगाल में वाम और तृणमूल को बहुत देखा और दोनों ने बंगाल को बर्बाद करने के लिए सब कुछ किया।

भाजपा को एक मौक़ा दीजिए और हम आपको दिखाएंगे कि विकास का मतलब क्या होता है।

परन्तु इत्तेफ़ाक़ से मोदी के इस भाषण के बाद ही भाजपा शासित राज्यों के कथित विकास मॉडल की जो पोल खुलनी शुरू हुई वह परत दर परत खुलती ही जा रही है। ख़ासकर भाजपा शासित उस गुजरात राज्य की जिस के विकास मॉडल का नाम पर 2013 से लेकर देश को ठगा जा रहा था। परन्तु एक के बाद एक कई बड़े हादसे होने के बाद अब गुजरात मॉडल का नाम लेना कम हो गया है। अन्य भाजपा शासित राज्यों की तो बात ही छोड़िये केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएँ सामने आई हैं। इनमें अभी ताज़ातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई। गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गये। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की ख़बर है जबकि कई लोग अभी भी लापता बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह व्यस्त पुल जर्जर होता जा रहा था जो सरकार की अनदेखी के कारण एक बड़े हादसे की नौबत तक आ पहुंचा।

इसी मॉडल राज्य में 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी केबल ब्रिज हादसा हुआ था जबकि मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। 7 महीने के नवीनीकरण के बाद पर्यटकों हेतु यह पुल खोला गया था। इस सस्पेंशन ब्रिज टूटने के हादसे के समय पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जो इसकी क्षमता से ज़्यादा थे । इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी और 56 लोग घायल हुए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का निर्देश दिया था और मृतकों के लिये 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। इसी तरह गुजरात में ही 24 सितंबर 2023 को सुरेंद्रनगर ब्रिज हादसा हुआ था जबकि सुरेंद्रनगर, राष्ट्रीय राजमार्ग को चूड़ा से जोड़ने वाला 40 साल पुराना पुल टूट गया था। इस हादसे में एक ट्रक सहित कई वाहन नदी में गिर गये थे। यह पुल भी जर्जर संरचना और भारी वाहनों के दबाव के चलते ध्वस्त हुआ था। इसी तरह बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए निर्माणाधीन एक पुल वासद, आणंद में टूट गया। 5 नवंबर 2024 को हुये इस हादसे में 3 मज़दूरों की मौत हुई थी। इस हादसे का कारण भी निर्माण में ख़ामियों की संभावना बताई गए थी। इसी तरह 24 जनवरी 2020 को मेहसाणा में खारी नदी पर बना पुल टूट गया था तो 21 दिसंबर 2021 को अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक भाग टूट गया।जबकि जून 2025 में बोटाद में पाटलिया नदी पर बना पुल बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। सवाल यह है कि मॉडल राज्य गुजरात में होने वाले ऐसे हादसे क्या भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं ? निश्चित रूप से गुजरात में पुल टूटने की इस तरह की घटनाएँ संरचनात्मक सुरक्षा और रखरखाव की कमी को उजागर करती हैं।

# निसिंग शहर में डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल दे रही हादसों को न्योता, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



**निसिंग,20 जुलाई ( जोगिंद्र सिंह ):** करनाल -कैथल स्टेट हाइवे पर निसिंग शहर के बीचों-बीच बने डिवाइडर पर लगी लोहे की टूटी ग्रिल हादसों को न्यौता दे रही है। गुरूद्वारा चौक से बस अड्डे तक सुरक्षा के लिए लगाई गई ग्रिल लंबे समय से टूटी हुई है ।जिससे आए दिन हादसे हो रहे है। कई बार वाहन चालक घटना का शिकार भी हो चुके हैं। अक्सर बाइक चालक टूटी ग्रिल में उलझ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। समस्या पिछले करीब एक साल से है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा डिवाइडर बनाया हुआ है। डिवाइडर पर नगरपालिका द्वारा लोहे की ग्रिल लगाई गई है। लोहे की ग्रिल कई जगहों से टूटकर रोड की ओर झुकी हुई है। दूर से वाहन चालकों को नजर नहीं आती। अक्सर दूसरे वाहनों को साइड देते समय दुपहिया वाहन चालक इसमें उलझ जाते हैं ।सड़क के बीच में बनाए गए डिवाइडरों पर लगाई हुई लोहे की कई जगहों पर टूटी पड़ी ग्रिल की तरफ प्रशासन का कोई ध्यान नहीं हैं। ये लोहे की ग्रिल कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं ।यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व जाम की समस्या को दूर करने के लिए बीच में डिवाइडर बनाए गए थे। इन डिवाइडर पर लोहे की ग्रिल लगाई गई थीं। ये ग्रिल अब पिछले काफी समय से टूटी पड़ी हैं तथा सड़कों की तरफ झुकी पड़ी हैं। इन लोहे की ग्रिलों के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। शहर के लोग तथा वाहन चालक इस बारे में कई बार प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है ।कई जगह तो लोहे के नुकीली पत्तियां हैं, जो किसी भी वाहन चालक को गलती से लगने पर घायल कर सकती हैं ।इसके साथ दुकानदार भी सुविधा के अनुसार सड़क के डिवाइडर तोड़ दिया हैं। डिवाइडरों के टूट जाने से वाहन चालक जल्दबाजी में कट से क्रॉस करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन, कुछ लोग अपनी सुविधा के अनुसार डिवाइडर तोड़कर मनमाने स्थानों पर अपनी सुविधा के लिए रास्ता बना रहे हैं। इससे यह स्टेट हाइवे दुर्घटनास्थल बनता जा रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन टूटे डिवाइडरों वाली जगह कोई चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगा है। इस कारण सीधे जा रहे वाहनों को बीच में वाहन आने की जानकारी नहीं हो पाती है। वह अपनी स्पीड से चल रहे होते हैं और अचानक टूटे डिवाइडर से कोई गाड़ी अचानक घुस आती है, जिससे वाहन चालकों द्वारा वाहन का नियंत्रण नहीं हो पाता और दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

इस संबंध में जब नगरपालिका सचिव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जब ग्रिल लगाईं गई थी। ठेकेदार ने गहराई में नहीं लगाईं। जिस कारण कई जगह से ग्रिल टेढ़ी हो गई है ।इनको यहां से हटवाने की अप्रूवल मिल गई है। जल्दी ही इनको हटवाकर डिवाइडर पर पाइप वाली ग्रिल लगाईं जाएगी। हमारा भी यही प्रयास रहता है कि राहगीरों, दुकानदारों ओर शहरवासियों को कोई भी परेशानी न हो। शैलेंद्र शर्मा, नगरपालिका सचिव निसिंग

## बूथ अध्यक्ष अपनी ताकत को पहचानो व अपने बूथ कमेटी का गठन करे : विधायक योगेंद्र राणा

**मूनक,20 जुलाई ( जयभगवान ):** गांव में मूनक सिंचाई विभाग रेस्ट हाउस में असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने बल्ला मंडल के बुथ अध्यक्ष, शक्ति प्रमुख की मीटिंग ली। उन्होंने भूत अध्यक्षों को बताया कि वह





अपनी ताकत को पहचाने वह उन्हें बताया कि पार्टी द्वारा पांच अध्यक्षों की नियुक्ति की जाती है। पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष ,प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष ।उन्होंने बूथ अध्यक्षों को मीटिंग में 11 सदस्य कमेटी के गठन के बारे में कहा। बूथ समिति में 11 सदस्यों की टीम को शामिल करना। जिसमें महिला, युवा को शामिल करना जरूरी है। वैसे तो हम समिति में एसी,बीसी के सदस्य किसान को जोड़ना है। संगठन के द्वारा दिए गए अपने कार्य के प्रति जागरूक के बारे में चर्चा की । उन्होंने बताया कि हर महीने प्रधानमंत्री की मन की बातें हर बूथ पर जाकर अलग-अलग घरों में सुनना और लोगों को उसके प्रति जागरूक करना। पार्टी के विशेष दोनों पर पौधे लगाना या अन्य तरीके से मनाना ।सरकार के द्वारा कराए गए कार्यों के बारे में बताया । लोगों को सरकार के द्वारा कार्य की जानकारी के लिए लोगों को जागरूक करने को कहा। उसके बाद आए हुए ग्रामीणों की समस्याओं सनी। गांव बल्ला के निवासियों ने विधायक को शिकायत में बताया कि उसके गांव की सभी सड़कों का काम रुका हुआ है। विधायक ने उन्हें 2 दिन का आश्वासन दिया ।इस मीटिंग के दौरान अस सी मोर्चा का जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मूनक ,समाजसेवी प्रवीण राणा ,बल्ला मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, सरपंच एसोसिएशन प्रधान अजय कुमार, सरपंच सुरजीत राणा, अमित राणा ,महामंत्री रणदीप राणा ,वाइस चेयरमैन अजय कुमार, प्यारेलाल पंच, मांगेराम ,रणधीर सिंह, अमर सिंह बल्ला ,मूलचंद दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिवरात्रि पर्व 23 को हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में धूमधाम से मनाया जाएगा

**हिसार, 20 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ):** शिवरात्रि के पावन पर्व पर 23 जुलाई को सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में देवों के देव महादेव का पूजन व रुद्राभिषेक प्रात: 4 बजे पावन मंगल बेला में मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा तत्पश्चात मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी। इस दिन सायंकाल भगवान भोलेनाथ का बहुत ही आकर्षक रुप में आलौकिक श्रृंगार भक्तों के दर्शनार्थ किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के सचिव मधुसूदन गुप्ता ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पवित्र श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार व शिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ का आलौकिक श्रृंगार सायंकाल की बेला में किया जाएगा। मधुसूदन गुप्ता ने समस्त नगर वासियों से अनुरोध किया है कि भगवान भोलेनाथ के भव्य व आलौकिक रुपों व श्रृंगार के दर्शन कर अक्षय पुण्य की प्राप्ति करें व जीवन को धन्य बनाएं।

## तिरुपति धाम में दस दिवसीय गोदांबा माता उत्सव धूमधाम से शुरू

***माता गोदांबा की आराधना के साथ विधि विधान से दस दिवसीय उत्सव शुरू, निकली सवारी शोभा यात्रा***

**हिसार, 20 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ):** उत्तर व दक्षिण भारत के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में दस दिवसीय गोदांबा माता उत्सव की शुरुआत धूमधाम से हुई। पूरे विधि विधान से





माता गोदांबा की पूजा व आराधना की गई। माता गोदांबा के विग्रह को रथ में स्थित पालकी में विराजमान करके सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा धाम जय श्रीमन्ननारायण, जय भगवान वेंकटेश व जय माता गोदांबा के उदघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने रथ को अपने हाथों से खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की और धाम की परिक्रमा की। सवारी शोभा यात्रा के उपरांत सभी श्रद्धालुओं में गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। उत्सव 28 जुलाई तक जारी रहेगा और हर रोज विधानस्वरूप माता गोदांबा की सवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। माता गोदांबा को भूदेवी का अवतार माना जाता है। माता गोदांबा का आविर्भाव एक बालिका के रूप में भगवान के परमभक्त श्री विष्णुचित्त के नंदनवन में तुलसी के पौधे की छाया में हुआ। भगवान के प्रति भक्ति और प्रगाढ़ आस्था के चलते माता गोदांबा भगवान विष्णु जी के श्री रंगनाथ स्वरूप में अपने पति-परमेश्वर की छवि देखने लगी। एक वक्त ऐसा भी आया जब भगवान विष्णु जी की अनुकंपा से गोदांबा श्री रंगनाथ में विलीन होकर रंगनायकी बन गई। सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं ने अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम में स्थापित श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी, श्री वरवर मुनि जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों के भी दर्शन किए। भक्तों ने तिरुपति धाम में 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम्, श्री तिरुपति यज्ञशाला, पवित्र पुष्करणी व 71 फुट ऊंचे गोपुरम का भी अवलोकन किया।

## एनआईआरसी हिसार ब्रांच ने मनाया वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे

**हिसार, 20 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ):** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सीए मानस चुघ ने लेखा परीक्षकों के दृष्टिकोण से आयात व निर्यात विनियमन विषय पर विशेष चर्चा की और आयात व निर्यात विनियमन के विविध आयामों को समझाया। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस दिन का उद्देश्य युवाओं को रोजगार, उद्यमिता और व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के महत्व को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि यह दिवस यह भी दर्शाता है कि कौशल विकास सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, गरीबी उन्मूलन और आर्थिक वृद्धि के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास की भी निरंतर जरूरत है। अपने कार्य में कुशल इंसान प्रोफेशनल लाइफ में जल्दी कामयाब हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के कौशल उन्नयन और नए क्षितिज पर आधारित विशेष चर्चा भी की गई। इस दौरान एनआईआरसी हिसार ब्रांच के वाइस चेयरमैन सीए अजय गोयल, कार्यकारी सदस्य सीए प्रतीक आर्य व कार्यकारी सदस्य सीए सुनील कुमार सहित स्थानीय इकाई के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# अपने सांसद कार्यकाल में सुनीता दुग्गल ने अनेक विकास कार्य करवाये : गावड़ी

**रतिया,20 जुलाई ( अमन सेठी ):** रतिया कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह द्वारा मीडिया के समक्ष बोलते हुए यह कहने पर की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने रतिया में उपचुनाव होंगे कहकर मेरे मरने की बद्दुआ मांगी थी इसलिए सुनीता दुग्गल काली जुबान वाली है ,क्योंकि इसके पश्चात मुझे हार्ट अटैक आ गया था और मैं परमात्मा की कृपा से बचा हूं, । पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को यह शब्द कहे जाने के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। इस टिप्पणी को लेकर शनिवार दोपहर बाद शहर के



विश्राम गृह में भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता एकत्रित हुए इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला व भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्र गांवड़ी ने प्रेस वार्ता कर विधायक जरनैल सिंह के कहे शब्दों पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी और विधायक के बयान को न केवल दुर्भाग्यपूर्ण, बल्कि पूरे देश की महिलाओं के सम्मान पर चोट करार दिया। पत्रकारों से बातचीत में भाजपा नेता अंकित सिंगला ने कहा, विधायक जरनैल सिंह द्वारा पूर्व सांसद और हमारी सम्मानित नेत्री सुनीता दुग्गल के लिए जो काली जुबान वाली, अपशब्द कहे है वे काफी निंदनीय हैं। यह केवल एक महिला का नहीं, बल्कि भारत की हर नारी का अपमान है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान किसी भी जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देते। मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा होती है कि वे मर्यादित भाषा और व्यवहार का पालन करें, लेकिन जरनैल सिंह की यह टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक है। जिसके लिए विधायक जरनैल सिंह को सुनीता दुग्गल व भारत की हर महिला से माफी मांगनी चाहिए। वहीं इसअवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष इंद्र गांवड़ी ने कहा कि पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने 2 दिन पूर्व रतिया क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याएं को सुनी थी । तब उन्होंने रतिया नगर पालिका में भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर नगर पालिका के उक्त मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा। तथा जो भी अधिकारी, कर्मचारी दोषी पाया गया तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर विधायक जरनैल सिंह की तबीयत खराब है तो भारतीय जनता पार्टी उनके अच्छे स्वास्थ्य की कमाना करती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह को तुरंत अपने बयान पर देश की सभी महिलाओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए ।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला, जिला उपाध्यक्ष इंदर गावड़ी, पूर्व महामंत्री विनोद जग्गा, जिला उपाध्यक्ष विज्ञान सागर बाघला, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण लखविंदर सिंह, पूर्व सरपंच राधेश्याम, सुनील इंदौरा,धर्मपाल शर्मा, रूप सिंह कामना, बिट्टू गुर्जर, जसवीर ठेकेदार, मंडल सचिव जैकी गर्ग, मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण गर्ग, अनूप गोदारा, डॉ देवेंद्र ग्रोवर, हरीश गुर्जर, राजू मेहता,रवि दत्त भारती, रमेश विक्की मेहमदकी, सुखमण सिंह, उमेश रघुवंशी, हंसराज, निर्मल सिंह, अशोक कुमार, गुरदित सिंह, जीवन सिंह, गगन गांधी, रमेश मेहता, सतपाल जांगड़ा, लखविंदर सिंह, जगतार सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 26 और 27 जुलाई को होने वाली सीईटी परीक्षा के लिए उपलब्ध होगी मुफ्त बस सेवा : डीसी उत्तम सिंह



**करनाल, 20 जुलाई ( सुनील कुमार ):** करनाल के डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि आगामी 26 और 27 जुलाई, 2025 को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा के लिए सरकार द्वारा निशुल्क बस सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। परीक्षार्थियों के लिए यह सुविधा निशुल्क रहेगी। इसके लिए परीक्षार्थी सरकार द्वारा दिए गए लिंक व एंड्रॉयड एप्लीकेशन के माध्यम से अपनी यात्रा का विवरण दर्ज करवा सकते हैं। डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य परिवहन की ओर से सीईटी-2025 परीक्षा के सफल संचालन के लिए व्यापक परिवहन योजना तैयार की गई है। हरियाणा राज्य परिवहन की ओर से अभ्यर्थियों को नजदीकी जिला स्तरीय बस स्टैंड से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने व वापस आने के लिए विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। ताकि अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने और वापस आने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़े।

**इस लिंक पर भरें यात्री विवरण** - डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि यात्री https://hartrans.gov.in/advance-booking-for-cet-2025 लिंक पर जाकर अपना यात्री विवरण भर सकते हैं। इसके साथ-साथ एंड्रॉयड एप्लीकेशन CET 2025 TRAVEरुपर भी यात्रा विवरण को भर सकते हैं। डीसी उत्तम सिंह ने सभी परीक्षार्थियों से आह्वान किया है कि यात्रा विकल्प फॉर्म अवश्य भरें और समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से दी जा रही निःशुल्क बस सेवा का लाभ उठाएं। हरियाणा राज्य परिवहन की ओर से 100 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करने वाले परीक्षार्थियों के लिए इंटरचेंज पोंइंट की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**करीब 70 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा** - डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिला में 40 शिक्षण संस्थाओं में 53 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इन केंद्रों पर चारों शिफ्टों में करीब 70 हजार परीक्षार्थियों के बैठने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने 26 व 27 जुलाई को दो-दो कुल सत्रों में परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। ऐसे में आयोग की एसओपी की पालना की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से प्राप्त डाटा के अनुसार एक शिफ्ट में करीब 17 हजार 472 बच्चे परीक्षा देगें। उक्त दोनों दिनों की कुल चारों शिफ्टों को मिलाकर जिला में करीब 70 हजार बच्चे परीक्षा देगें।

# एनसीबी हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध अभियान

**रेवाड़ी,20 जुलाई ( ब्यूरो ):** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इस कड़ी में आज ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र कुमार के आदेश से रेवाड़ी में नशे के विरूद्ध विशेष अभियान आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा आज साइकिल चलाकर रेवाड़ी पहुंचे। उन्होंने आज गुरुग्राम से 59 किलोमीटर साइकिल चलाकर नशे के विरुद्ध सन्देश दिया। उन्होंने




सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को एकत्रित कर उपस्थित जनसाधारण को सम्बोधित करते हुए बताया कि ब्यूरो हरियाणा में दो प्रकार से कार्य करता है। प्रथम अपराधियों को सलाखों तक पहुँचाना और दूसरा जागरूकता के माध्यम से नशा मुक्त समाज का निर्माण करना। उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5930 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चूका है जबकि वर्ष 2024 में 3330 अभियोगों में 5328 नशा तस्करों को सलाखों का मार्ग दिखाया गया है। इस वर्ष जनवरी से जून तक 1858 अभियोग अंकित करके 3051 अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है। इतना ही नहीं इस वर्ष नशा तस्करी में संलिप्त 87 लाख की संपत्ति जब्त की गयी है। उन्होंने आगे बताया कि इतना ही नहीं दूसरा कार्य जागरूकता का किया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति नशे की दलदल में न चला जाए। इसीलिए जागरूकता अति आवश्यक है। उन्होंने कहा भारत को ड्रग फ्री करने के लिए सरकार ने 1933 अथवा हृष्टक्रस्न्रह्स पोर्टल अथवा हरियाणा के लिए 9050891508 जारी किया है। इस पर कोई भी व्यक्ति नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। उन्होंने लोगों से लौटे में नमक डालकर नशा न करने का वचन लिया।

# ओजल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन, 50 यूनिट रक्त एकत्रित

**करनाल, 20 जुलाई ( संदीप रोहिला ):** मानव सेवा संघ के पवित्र प्रांगण में आज ओजल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानवीय सेवा में अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया ।रक्तदान शिविर के दौरान ओजल्या चैरिटेबल ट्रस्ट की पदाधिकारी शैलजा, मोनिका गर्ग, एन. डी. गोयल, अनिल ग्रोवर तथा पवन कुमार आदि ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है। इससे शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि नए रक्त का निर्माण होता है। हर स्वस्थ व्यक्ति तीन महीने के अंतराल में पुन: रक्तदान कर सकता है। इस शिविर में मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ति जी ने स्वयं उपस्थित




होकर रक्तदाताओं को आशीर्वाद प्रदान किया। उनके साथ डा. भगत राम खण्डवाल, एडवोकेट नागेश गुप्ता (सी.ए.), पूनम, एन. डी. गोयल, अनिल ग्रोवर, पवन कुमार और मोनिका गर्ग सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर डा. भगत राम खण्डवाल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल सेवा भावना का प्रतीक रहा, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि समय-समय पर रक्तदान कर हम किसी ज़रूरतमंद की जान बचा सकते हैं। ओजल्या ट्रस्ट और मानव सेवा संघ के इस पुनीत प्रयास की सभी उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## भगवान श्री कृष्ण के भजनों से भक्तिमय हुआ वातावरण



**शाहाबाद मारकंडा, 20 जुलाई ( रूबी ):** श्री कृष्णा जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्णा मंदिर सभा द्वारा आयोजित प्रभातफेरियों की लड़ी में रविवार की प्रभातफेरी का स्वागत कृष्ण मंदिर सभा के चेयरमैन ढूंडराज आनंद के परिवार की ओर से मंदिर प्रांगण में किया गया। पण्डित रमेश रतूड़ी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। मंच का संचालन अवशीष शर्मा ने बाखूबी निभाया। राजू सपड़ा ने गीता पाठ से प्रभातफेरी का शुभारंभ किया। भजन मण्डल में वेद गगनेजा, संजीव सचदेवा, गिरीश आनंद, रवि शर्मा, प्रिंस सचदेवा, रिधिमा आनंद, अनुराधा शर्मा ने भजन प्रस्तुत किए। विधायक राम करण, राज कुमार चुघ, पूर्व नगरपालिका प्रधान हरीश क्वात्रा, नवीन आहूजा, विष्णु भगवान गुप्ता ने आनंद परिवार को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर सुभाष चन्द, प्रकाश अनेजा, प्रेमनाथ गंभीर, सुदर्शन कक्कड़, कुलवंत शर्मा, ललित भार्गव, अमित सिंघल, अमृत लाल, विजय कलसी, प्रभजीत तनेजा, राकेश गर्ग, बावा दास शर्मा, सुशील शर्मा, राजेश आनंद, नागेश शर्मा,अमित सचदेवा, गौरव क्वात्रा, तरसेम लाल, नवनीत सचदेवा, टेक चन्द मल्होत्रा सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

# टोहाना रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ अम्ब-अन्दौरा मेमू ट्रेन का ठहराव, सांसद सुभाष बराला ने दिखाई हरी झंडी

## भाखड़ा विस्थापित परिवारों को समर्पित की गई ट्रेन सेवा -सांसद बराला



**टोहाना, 20 जुलाई ( ब्यूरो ):** टोहाना रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक ऐतिहासिक क्षण सामने आया जब रायपुर हरियाणा से वाया टोहाना, नरवाना, कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला होते हुए चंडीगढ़ जाने वाली अम्ब-अन्दौरा मेमू ट्रेन (64563 और 64564) का ठहराव शुरू हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने टोहाना स्टेशन पर दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह की मौजूदगी में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद बराला ने इस अवसर को टोहाना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया और कहा कि यह ठहराव न केवल स्थानीय लोगों को राहत देगा, बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर सांसद ने इस ट्रेन को भाखड़ा विस्थापित परिवारों को समर्पित करते हुए कहा कि उनके बलिदान और योगदान की वजह से आज टोहाना और इसके आसपास के क्षेत्र में सिंचाई की समुचित सुविधा उपलब्ध है। सांसद ने भावुक होते हुए कहा कि वर्षों पहले भाखड़ा परियोजना के लिए अपने घर छोड़ने वाले परिवारों ने इस क्षेत्र के लिए जो त्याग किया, उसे भुलाया नहीं जा सकता। यह ट्रेन उनके सम्मान और टोहाना क्षेत्र की तरक्की की दिशा में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार 'संकल्प से सिद्धि' के मार्ग पर चल रही है और वह हर वायदे को निभा रही है। सांसद बराला ने कहा कि यह ठहराव टोहाना क्षेत्र के लिए केवल एक ट्रेनों की सुविधा नहीं बल्कि विकास की नई पटरी पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन को शुरू करवाने की मांग उन्होंने ही संसद में उठाई थी और इसे लेकर सरकार के साथ निरंतर बातचीत की। ट्रेन शुरू होने के बाद टोहाना में इसका ठहराव नहीं हुआ तो टोहाना क्षेत्र के लोगों की माँग पर इस ट्रेन का ठहराव टोहाना में सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे न केवल टोहाना बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी सीधा लाभ मिलेगा, और चंडीगढ़ तक की यात्रा अब पहले से कहीं अधिक सुलभ हो जाएगी।सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रेलवे के बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विकास हुआ है। रेलवे के आधुनिकीकरण, नई ट्रेनों की शुरुआत, स्टेशनों के पुनर्विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को लगातार सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आज विपक्ष भी केंद्र सरकार द्वारा रेलवे में किए जा रहे सुधारों और प्रगति की सराहना करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि टोहाना और जाखल क्षेत्र में रेलवे को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रेल ओवरब्रिज, अंडरपास, नई ट्रेनों के ठहराव, स्टेशन सुविधाओं में सुधार जैसे कई कार्य केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय के सहयोग से पूरे किए जा रहे है। सांसद ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में क्षेत्र को और बेहतर रेल सुविधाएं दी जाएंगी। सांसद बराला ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार का उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि वायदों को धरातल पर उतारना है। संकल्प से सिद्धि की नीति के अंतर्गत टोहाना क्षेत्र को निरंतर विकास की राह पर अग्रसर किया जा रहा है। सांसद सुभाष बराला ने इस ट्रेन के ठहराव को स्वीकृति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू सहित रेल मंत्रालय के सभी अधिकारियों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन सभी के सहयोग और सकारात्मक दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण कार्य संभव हो सका है। सांसद ने कहा कि टोहाना से चंडीगढ़ की दिशा में बढ़ते रेल नेटवर्क के इस विस्तार से छात्र, कर्मचारी, व्यापारी वर्ग और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे न केवल आवागमन की सुविधा बढ़ेगी बल्कि स्थानीय आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। इस अवसर पर रेलवे के एडीएमआर दीपेंद्र कुमार, रमन मड़िया, वेद जांगड़ा, रेल यात्री संघ के अध्यक्ष राजेश नागपाल, डॉ. शिव सचदेवा, नरेंद्र गर्ग, जिले सिंह बराला, रविंद्र मेहता, लक्ष्मण बंसल, विकास सेठी एल, नवीन कुमार, विष्णु गोयल, प्रवीण गोयल, राजकुमार भाटिया सहित शहर के पार्षद और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## गड्ढों में समा गई विकास की बात मिट्टी डालकर पीडब्ल्यूडी ने सड़क मरम्मत का किया ढोंग, ग्रामीणों में उबाल

**रायपुररानी, 20 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी से प्यारेवाला तक की मुख्य सड़क इन दिनों खस्ताहाल स्थिति में पहुंच गई है। उखड़ी हुई



डामर, गहरे गड्ढे और उड़ती धूल इस सड़क को आमजन के लिए जानलेवा चुनौती में बदल चुके हैं। प्रतिदिन इसी मार्ग से सैकड़ों किसान, छात्र, कर्मचारी और व्यापारी गुजरते हैं, लेकिन अब यह सड़क किसी भी क्षण दुर्घटना का कारण बन सकती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब जनता ने बार-बार शिकायत की, तो पीडब्ल्यूडी विभाग ने 20 जुलाई को जो मरम्मत कार्य किया, उसने आग में घी डालने का काम किया है। विभाग के कर्मचारी बिना किसी मशीनरी या सामग्री के, सिर्फ एक वाहन में मिट्टी भरकर लाए और गड्ढों में डालकर चलते बने। जबकि उनके पास ना कोई रोलर था, न समतल करने की व्यवस्था और न ही डामर था, बल्कि यह पूरा प्रयास महज खानापूर्ति और जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा लगा। ग्रामीणों ने इस लापरवाही को लेकर कड़ा रोष जताया है। उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है चुनाव से पहले नेताओं द्वारा बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही सबकुछ भुला दिया जाता है। अब ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे रहा है। युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी एकजुट होकर आवाज़ उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण व मरम्मत कार्यों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। सरकारी फाइलों में तो करोड़ों रुपये खर्च दिखाए गए हैं, लेकिन जमीन पर हकीकत शून्य है। उन्होंने पूरे मामले की विजिलेंस जांच की मांग की है और दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की वास्तविक मरम्मत नहीं की गई, तो वे व्यापक आंदोलन छेड़ेंगे और नेताओं का सामाजिक बहिष्कार भी करेंगे। वहीं, ग्रामीणों का साफ संदेश है कि अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर सरकार को जनता की आवाज़ सुनाई नहीं देती, तो जनता खुद उसे सुनाना जानती है। आज जो गड्ढे भरे जा रहे हैं, वे अस्थायी रूप से भरे जा रहे हैं। मौसम ठीक होते ही इन गड्ढों को पक्का किया जाएगा। अनिल चौहान, कार्यकारी अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग पंचकूला।

## आचार्य गगन ने साधकों को संजीवनी ध्यान करवाया

**हिसार, 20 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ):** समर्थगुरु धारा संघ के तत्वाधान में कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में विशेष संडे ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक सत्र का संचालन विख्यात आध्यात्मिक मार्गदर्शक आचार्य गगन द्वारा किया गया। आचार्य गगन ने साधकों को



ध्यान, ऊर्जा जागरण एवं आत्मचिंतन के विविध आयामों से अवगत कराया। उन्होंने संजीवनी ध्यान की विशेष तकनीकों के माध्यम से साधकों को मानसिक शांति, आंतरिक ऊर्जा तथा जीवन में संतुलन प्राप्त करने के मार्ग सुझाए। सत्र के दौरान उपस्थित साधकों ने ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास किया और अपने अनुभवों को सांझा करते हुए नियमित साधना का संकल्प लिया। संडे ध्यान सत्र का उद्देश्य है कि दैनिक जीवन की आपाधापी में मानसिक विश्रांति व आत्मिक उन्नति की अनुभूति कराना। आचार्य ने बताया कि संजीवनी ध्यान के प्रकार और तकनीकें विभिन्न हो सकती हैं और यह आध्यात्मिक गुरु या आध्यात्मिक शिक्षक के मार्गदर्शन में किया जाता है। यह ध्यान प्रणाली शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी मानी जाती है, लेकिन इसे अनुभव करने के लिए धैर्य, समर्थन और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। ज्ञात हो कि प्रत्येक रविवार सुबह 7 से 9 बजे समर्थगुरु धारा संघ हिसार अपने साधना केंद्र मिर्जापुर रोड, कौशिक नगर में ध्यान के कार्यक्रम का आयोजन करता है, जोकि सभी के लिए निश्शुल्क होता है और प्रशिक्षित आचार्य ही वो ध्यान का सेशन लेते हैं। ध्यान कार्यक्रम के समापन पर समर्थगुरु धारा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने आज के सत्र के आचार्य गगन का आभार व्यक्त किया एवं उपस्थित सभी साधकों को आगामी ध्यान सत्रों की जानकारी भी प्रदान की। जीवन में ध्यान के महत्व पर विस्तार से बताते हुए समर्थगुरु धारा संघ के कार्य मों के बारें चर्चा की। विशेष जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि समर्थगुरु धारा संघ द्वारा 5 से 7 सितम्बर 2025 को पूरे देश में एक साथ कई शहरों में तीन दिवसीय ध्यान योग का आयोजन किया जायेगा।

## जय हिन्द संस्था ने 100 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**रायपुररानी, 20 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ):** गांव मानकटबरा में जय हिन्द सामाजिक सेवा संस्था ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान अश्वनी वालिया ने की, जिन्होंने समाज में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाते हुए इस पहल को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान कुल 100 पौधे लगाए गए, जिससे उपस्थित लोगों को स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण बनाने की आवश्यकता का एहसास हुआ। जानकारी देते हुए संस्था के सदस्य रोहित सैनी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह जरूरी है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण छोड़कर जाएं, पौधारोपण इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पौधारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर बिट्टू वालिया, राहुल वालिया, अनिल कुमार, हैप्पी शर्मा, मोहन राणा, दिनेश राणा, जतिन चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब का वार्षिक स्थापना समारोह धूमधाम से सम्पन्न



**शाहाबाद मारकंडा, 20 जुलाई ( रूबी ):** शनिवार को रोटरी क्लब का वार्षिक स्थापना समारोह एक रिसोर्ट में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर नए प्रेसिडेंट डा.आरएस घुम्मन सहित कार्यकरिणी ने अपने-अपने पदों की शपथ ली। समारोह के मुख्य अतिथि डा. एचएस गिल और विशिष्ट अतिथि के रूप में संदीप गर्ग उपस्थित रहे। निवर्तमान प्रेसिडेंट डा. एसएस आहूजा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया और नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। डा. आरएस घुम्मन ने अपने संबोधन में क्लब के आगामी सामाजिक सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की। डा. आरएस घुम्मन ने निवर्तमान टीम के प्रधान डा. एसएस आहूजा को जिला के आउट स्टैंडिंग पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बधाई दी। वीरेंद्र ठकराल बेस्ट सेक्रेटरी, एससी सिंगला बेस्ट बुलेटिन एडिटर, जितेंद्र सिंह बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, राजकुमार गर्ग, सुरेश गोगिया, डा. दीपक शर्मा, डा.आरएस घुम्मन, प्रीतपाल सिंह ढिल्लो को सक्रिय रोटेरियन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पीडीजी अजय मदान ने भी नवनियुक्त टीम को बधाई दी। रोटरी क्लब द्वारा पंडित संदीप कुमार पुजारी शाकुंभरी देवी मंदिर को 42 हजार की राशि घर के निर्माण के लिए रोटेरियन परवीन गर्ग और डा. आरएस घुम्मन के सहयोग से दी गई । मुख्य अतिथि डा. एचएस गिल ने रोटरी क्लब की सामाजिक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसे संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा रोटरी के किसी कार्य के लिए मेरी आवश्यकता होगी तो मैं हमेशा तैयार रहूंगा। विशिष्ट अतिथि संदीप गर्ग ने अपने संबोधन में कहा रोटरी के द्वारा जो प्रोजेक्ट चलाएं जा रहे हैं वह समाज के उत्थान के लिए अति आवश्यक हैं। संदीप गर्ग ने अपने दादा सुरेंद्रनाथ गुप्ता की स्मृति में रोटरी क्लब द्वारों डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चलाए जा रहे सिलाई सेंटर का सारा खर्च वहन करने की घोषणा की। संदीप गर्ग को रोटरी की सदस्यता ग्रहण कराई गई।क्लब द्वारा डा.एसएस आहूजा , डा. उपासना, वीरेंदर ठकराल, डा. एचएस गिल, संदीप गर्ग, अजय मदान को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन वीरेंद्र ठकराल द्वारा किया गया और आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत जिला गवर्नर के मुख्य सलाहकार राजकुमार गर्ग ने किया। विक्रम गुप्ता को सचिव का कार्यभार सौंपा गया। इंस्टॉलेशन अध्यक्ष डा. हिमांशु अरोड़ा ने सभी आए हुए गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया और रोटेरियन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनिंदर सिंह घुम्मन ,कुलवंत चावला, सुरेंदर जैन, सतीश आहूजा, परवेश शर्मा, डा. परमजीत पाहवा, बलबीर खुराना,संतोष कौर घुम्मन , मोनिका घुम्मन, डा. उपासना ,गोल्डी औजला,सुनील गर्ग,गीता गोयल,शशी सिंगला, मधु गुप्ता,कुलदीप गुप्ता, गुरदीप सिंह हेयर,आरडी गुप्ता, प्रवीन गर्ग, अमित गुप्ता, महेश गोयल, एसएस खुराना, हरमिंदर सिंह संधू,डा. गुन्तास गिल, गौरव सेठी, अंकुर सेठी सहित सदस्य मौजूद थे।

# खेतो से सामान चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़: 2 आरोपियों को किया गया काबू, चोरी की 5 वारदात सुलझी



**कैथल, 20 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ):** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए खेतों से सामान चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करके उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनकी गिरफ्तारी से चोरी की 5 वारदाते सुलझाने में सफलता हासिल हुई है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि खरक पांडवा निवासी गजे सिंह की शिकायत अनुसार खरक पांडवा से सजुमा रोड़ पर स्थित उसके खेत कोठा से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 10 जुलाई की रात 10 कट्टे यूरिया, 12 कट्टे डीएपी, फीता, सिलेंडर चूल्हा, 2 चारपाई, एक छत पंखा चोरी कर लिया गया। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि खेतों से सामान चोरी की कई वारदात के मध्यनजर एसपी आस्था मोदी द्वारा एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए गए थे। आदेशों पर खरा उतरते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई शुभकरण, एएसआई अशोक कुमार, एचसी ईशम सिंह, एसपीओ राजेश व अमित, होमगार्ड विकास व मनोज की टीम द्वारा करनाल रोड़ कैथल से आरोपी जिला जींद के गांव शाहपुर निवासी प्रदीप कुमार तथा सीवन निवासी शमशेर सिंह उर्फ बबलू को काबू कर लिया गया। आरोपियों से की गई व्यापक पूछताछ दौरान आरोपियों ने उपरोक्त चोरी के अतिरिक्त 4 अन्य चोरी की वारदात करनी कबुल की। जो गांव दिवाल निवासी नरेश की शिकायत अनुसार 9 जुलाई की रात उसके खेत कोठा से अज्ञात द्वारा सिलेंडर-चूल्हा, डीजल तेल, चारपाई, पंखा, 35 लीटर दवाई, बैटरी, 40 फुट तार चोरी कर ली गई थी। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज है। एक अन्य मामले में सजुमा निवासी जयपाल की शिकायत अनुसार 13 जुलाई की रात उसके खेत कोठा से अज्ञात द्वारा गैस सिलेंडर चूल्हा व एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया। जो थाना कलायत में मामला दर्ज है। एक अन्य मामले में नरड़ निवासी रामचंद्र की शिकायत अनुसार 8 जुलाई को उसके खेत कोठा से अज्ञात द्वारा 10 फुट तार, 10 कट्टे यूरिया, फराटा, दवाइयां, स्प्रे की टंकी चुरा ली गई, जो थाना तितरम में मामला दर्ज है। 5वें मामले में जिला करनाल के गांव बिजना निवासी रिंकू की शिकायत अनुसार 23 जून को गांव बिजना से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए। जो थाना सदर करनाल में मामला दर्ज है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी, 32 कट्टे यूरिया, एक चोरीशुदा बाइक, 3 गैस सिलेंडर, 2 पंखे तथा करीब 50 फुट तार बरामद की गई है। दोनो आरोपी दोस्त है तथा इकट्ठे मिलकर रात के समय सड़क किनारे लगने वाले खेत कोठा को अपना टारगेट बनाते थे। दोनो आरोपियों पर पहले भी चोरी के मामले दर्ज है। दोनो आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

## समाजसेवी सुरेश जैन, सिसाये वाले के जन्म दिन पर भंडारा 21 को



**हिसार, 20 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ):** श्रीश्याम संग परिवार हिसार के प्रधान अनिल तनेजा ने बताया कि संस्था के संस्थापक व अनेक धार्मिक तथा सामाजिक संस्थाओं से जुड़े सुरेश चंद्र जैन सिसाये वाले के जन्म दिन के उपलक्ष्य में 21 जुलाई को पारिजात चौक स्थित गैलेक्सी मोबाइल पर भंडारा लगाकर मनाया जाएगा। भंडारे की शुरुआत सुबह 11 बजे सुरेश चंद्र जैन करेंगे। उप प्रधान धर्मेन्द्र कथूरिया व कैशियर पीयूष तनेजा ने बताया कि संस्था से जुड़े सभी सदस्य भंडारे में सेवा करेंगे।

## नशा मुक्त हो जिला अभियान तहत संदिग्ध नशा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

***थाना गुहला, पूंडरी, कलायत व शहर कैथल में संदिग्ध नशा तस्करों घरो पर की गई सघन जांच***



**कैथल, 20 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ):** जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त हो जिला अभियान के अंतर्गत नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए संदिग्ध नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशन व डीएसपी कुलदीप बेनीवाल की निगरानी में चलाए गए इस अभियान के तहत आमजन से सीधा संपर्क स्थापित करके संदिग्ध नशा तस्करों की पहचान की गई है। रविवार को इस अभियान के तहत थाना गुहला, पूंडरी, कलायत व शहर कैथल में अलग अलग विभिन्न 20 टीमों का गठन किया गया, जिनमें करीब 200 पुलिस कर्मचारी व अधिकारी शामिल थे। इन टीमों ने थाना गुहला, पूंडरी, कलायत व शहर कैथल अंतर्गत एक साथ लगभग 200 घरों की गहनता से तलाशी ली और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। पुलिस टीमों ने गांवों में जाकर आमजन, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की, जिससे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने में मदद मिली। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा आमजन सहित युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक भी किया गया। एसपी आस्था मोदी ने स्पष्ट किया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेंगी। इस अभियान का उद्देश्य मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। आमजन से भी अपील की गई है कि वे नशा तस्करी जैसी समाज विरोधी गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और समाज को नशा मुक्त बनाने में भागीदार बनें।

## वैध नशा मुक्ति केंद्रों में ही प्राप्त करें ईलाज : डीसी प्रीति

**कैथल,20 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ):** डीसी प्रीति ने बताया कि जिले में 11 वैध नशा मुक्ति संचालित किए जा रहे हैं। इनमें दो सरकारी व नौ प्राइवेट केंद्र शामिल हैं। इनके अलावा अगर कोई अन्य नशा मुक्ति संचालित किया जा रहा है, तो वह अवैध माना जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे केंद्रों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं प्रभावी ईलाज मिल सके।। आमजन भी अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों की सूचना डा. नवराज सिंह (9992473022) तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी (7027539020) को दे सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा नशीली दवाइओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक करने के लिए स्कूल, कालेज तथा ग्राम पंचायतों में अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वैध नशा मुक्ति केंद्रों की सूची जारी करते हुए बताया कि जिला में सरकारी तौर पर नशा मुक्ति एवं परामर्श केंद्र सामान्य अस्पताल कैथल व गुहला उपमंडल अस्पताल में है। इसके अलावा गैर सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में अग्रवाल मनोरोग एवं नशा मुक्ति केंद्र नजदीकी कारपोरेशन बैंक चीका, गांव अजीमगढ़ में अरदास अस्पताल में, श्री गुरू नानक चेतना फाउंडेशन ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 15 गुहला, ब्राइट फ्यूचर जन कल्याण ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 12 चीका, नई किरण अस्पताल कैथल, समर्थ नशा मुक्ति केंद्र अजीमगढ़, निर्वाण मनोरोग अस्पताल चीका, मनो आधार नशा मुक्ति केंद्र अजीमगढ़, दीपक नशा मुक्ति केंद्र चीका में शामिल है।

# बच्चों को घर से ही व्यवस्थित होना सिखाएं



घर में छोटे बच्चे हो तो घर व्यवस्थित रहेगा, इसकी कल्पना करना भी बेकार है क्योंकि बच्चे घर के सामान को खेल-खेल में बिखेर देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि वीकेंड पर बच्चों से ही घर को व्यवस्थित करा लिया जाए, जिससे वे घर का रख-रखाव सीख जाएंगे और घर को व्यवस्थित रखने में आपकी मदद भी कर देंगे।

बच्चों को टास्क दें

कोई भी बच्चा एक दिन में पूरे घर की सफाई करना नहीं सीख सकता। वीकेंड पर बच्चों को छोटी-छोटी चीजें व्यवस्थित करना सिखाएं। इसके लिए उन्हें घर के किसी एक कोने को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दे सकती हैं। आप उन्हें उनके वॉर्डरोब के सामान को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दें परन्तु उन्हें यह जरूर बताएं कि पहले सारे कपड़े वॉर्डरोब से बाहर निकालें और फिर उन्हें दोबारा तह कर के वॉर्डरोब में लगाएं। उसके बाद कपड़े वॉर्डरोब में इस तरह रखें कि उन्हें इस्तेमाल करने के लिए निकालना आसान रहेगा।

उनकी काम में मदद करें

यदि आपको लगे कि बच्चा अपना काम ठीक से नहीं कर पा रहा है तो बीच-बीच में उसकी मदद करें तथा काम को सही ढंग से करने का तरीका बताएं। उसे बताएं कि शर्ट कैसे तह की जाती, मोजों को हमेशा जोड़ा बनाकर रखते हैं ताकि वे खोएं नहीं। यहीं नहीं कपड़े शैल्फ में कैसे रखे जाते हैं यह भी उन्हें करके बताएं। यदि आप उन्हें बुक शैल्फ अरेंज करने का काम दे रही है तो उन्हें बताएं कि बुक शैल्फ में सबसे पहले बड़ी किताबें सैट की जाती हैं, फिर उससे छोटी और सबसे आगे छोटे आकार की किताबें रखी जाती हैं।

म्यूजिक लगाएं

बच्चा काम को एन्जॉय करते हुए सीख पाए, इसलिए उसकी पसंद का म्यूजिक लगा दें। बीच-बीच में छोटा-सा ब्रेक लेकर उसके साथ डांस करें। म्यूजिक के साथ काम करने में उसे मजा भी आएगा और आसानी से काम भी सीख जाएगा।

खेल और ईनाम

नया काम सीखते समय बच्चा बोर न हो, इसलिए उसे खेल-खेल में काम सिखाने की कोशिश करें। आप पांच मिनट का अलार्म लगा दें और कहें कि यदि वह पांच मिनट में पांच जोड़े जूते अल्मारी में रख देगा तो उसे चॉकलेट मिलेगी। यदि बच्चा समय पर अपना टास्क पूरा कर ले तो उसके प्रयास की तारीफ करें और अपना प्रॉमिस भी निभाएं।

सबके सामने तारीफ करें

जब बच्चा अपना काम पूरा कर ले तो उसकी मनपसंद चीज उसे ईनाम में दें या उसकी पसंदीदा डिश बना कर उसे खिलाएं। यही नहीं परिवार के अन्य सदस्यों के सामने भी उसकी तारीफ करें। इससे उसे न केवल अपना टास्क पूरा करने की खुशी मिलेगी, बल्कि आपका प्यार और आपका साथ उसमें नई ऊर्जा का संचार करेगा।

बच्चे की तुलना न करें

अभिभावक होना जितना सुखद होता है, उतना ही मुश्किल भी। अपने बच्चों को कौन सी बात किस तरह समझाना है, इसको लेकर अकसर आप उलझन में पड़ जाते होंगे। कई बार आप अपने बच्चों को प्यार से समझाते हैं, तो कई बार उन्हें डांट देते हैं। कई बार आप उन्हें अपना ही उदाहरण दोते हैं, लेकिन आपकी बातों का बच्चे पर क्या असर पड़ता है, इसका अंदाजा आप नहीं लगा पाते हैं। इसलिए आपको इन बातों को बच्चों से कहने से बचना चाहिए।

आप बच्चे की तुलना अपने आप से न करें। आप भी जब छोटे थे तो आपमें कई कमियां रही होंगी। उसे अपने बचपन का मजा लेने दें, उसे परफेक्ट चाइल्ड बनाने की जरूरत नहीं है।

अपने फैसले खुद लेने से ही बच्चा आगे बढ़ेगा। अगर उसके फैसले गलत साबित होते हैं, तो उससे वह सीखेगा और आगे सही निर्णय लेगा। गलत फैसला लेने के लिए आपकी डांट उसे डराने और आत्मविश्वास कम करने के अलावा कुछ नहीं कर सकती है।

इस तुलना की कोई जरूरत नहीं है। हर बच्चे का विकास अलग-अगल तरीके से होता है। वे अपने अलग-अलग अनुभवों से सीखते हैं। कहीं ऐसा न हो कि हर बात पर बेवजह की तुलना बच्चों में आपस में मतभेद पैदा कर दें। बेशक आपके पास कई जिम्मेदारियां हैं, जिनसे कभी-कभी आप परेशान हो जाते होंगे और अकेला रहना चाहते होंगे लेकिन आपका बच्चा आपकी परेशानियों से बिल्कुल अनजान है।



ऐसे में उससे ऐसा कहना उसके मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है।ऐसा कहना बच्चे तो क्या किसी बड़े को भी काफी आहत कर सकता है। ऐसे में बच्चों से ऐसा कहना बिल्कुल ठीक नहीं है।

# परीक्षा के दौरान बच्चों की एकाग्रता बनाए रखने के लिए सरल उपाय

ज़्यादातर बच्चों में देखा गया है कि उनका पढ़ाई में मन नहीं लगता। बाकी कामों में भी वे सही से ध्यान नहीं दे पाते। इसकी कई वजहें हो सकती हैं लेकिन एक वजह एकाग्रता की कमी भी है। अगर आपके बच्चे में भी एकाग्रता की कमी है तो फिर कुछ चीजों का ध्यान रख आप इसे सुधार सकते हैं।

**नाश्ते में साबुत अनाज की बनी चीजें**

आपका बच्चा किसी काम पर सही ढंग से ध्यान नहीं दे पाता इसकी सबसे बड़ी वजह है उसके शरीर में शुगर की कमी। इसे पूरा करने के लिए अपने बच्चे को साबुत अनाज का नाश्ता दें। चाहे तो आप नाश्ते में ब्राउन राइस और बाजरे की बनी चीजें दे सकते हैं। ब्राउन राइस पोहा खिला सकते हैं। साबुत अनाज को नाश्ते में शामिल करने से दिनभर भूख नहीं लगती और पूरे दिन दिमाग भी सक्रिय रहता है।

**शुगर को कहें ना**

जब बच्चे घर से बाहर होते हैं या बाहर खाते हैं तो फिर आप उनकी बॉडी के शुगर लेवल पर चेक नहीं रख सकते इसलिए ज़रूरी है कि आप उनकी शुगर क्रेविंग्स को घर पर ही दूर कर दें। इसके लिए आप अपने बच्चे को शुगर से शरीर में होने वाले नुकसान के बारे में बता सकते हैं। आपका बच्चा रोजाना जो खाना खा रहा है उसमें भी आप कुछ बदलाव कर उसके शरीर में शुगर की कमी पूरी कर सकते हैं।



बच्चे को भूख लगे तो ये चीजें खिलाएं ये चीजें

आलू के बजाय अपने बच्चों को स्टार्च वाली अन्य चीजें खिलाएं जैसे कि शकरकंदी। इसे आप बेक्ड चिप्स और फ्रेंच फ्राइज़ भी बना सकती हैं। अगर आपके बच्चे को अरबी खाना पसंद नहीं है तो आप उससे अन्य स्वादिष्ट चीजें बना सकती हैं। इसके अलावा बाकी स्टार्च फूड्स खिला सकती हैं। दरअसल स्टार्च सेरोटॉनिन का मुख्य स्त्रोत होता है जो मूड को अच्छा रखता है। इसके अलावा यह बच्चों को शांत और खुश रहने में भी मदद करता है।

**बेटे को भी सिखाएं घर के काम**

बच्चों को बचपन से ही अच्छी बातें सिखाने की जिम्मेदारी माता.पिता की होती है। पांच साल से 18 वर्ष की आयु तक बेटों को कुछ बातें सिखाने से वह जिम्मेदार और आदर्श व्यक्ति बनते हैं।

अक्सर मां अपने बेटे को रसोई का कोई काम करने नहीं देती। उनका मानना है कि रसोई का काम सिर्फ लड़कियों का है। मगर अपने बेटे को बताएं कि आज के दौर में लड़कों को भी रसोई का काम आना चाहिए क्योंकि उच्च शिक्षा और नौकरियों के दौरान उन्हें भी अकेला रहना पड़ सकता है। 12 वर्ष की आयु के बाद बच्चा परिपक्व होने लगता है। उसे आप इस अवस्था में कुछ छोटे काम जैसे चाय व सैंडविच बनाना आदि सिखा सकती हैं। बेटे को शारीरिक हिंसा से हमेशा दूर रहने के लिए कहें। इससे जहां वह बाहर लड़ाई.झगड़े से दूर रहेगा वहीं घर के सदस्यों से भी अच्छा व्यवहार करेगा।

# बच्चों को निराशा में जाने से बचाएं

आजकल बड़े ही नहीं बच्चे भी अवसाद का शिकार हो रह हैं। कई बार अवसाद कुछ समय के लिए रहता पर जब यह लगातार रहे तो बिमारी का रुप ले लेता है। आजकल अवसाद के कारण बच्चों और किशोरों में आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि वे कौन-सी बातें हैं जो बच्चों में अवसाद को बढ़ा रही हैं।

**बच्चों में अवसाद बढ़ने का कारण**

आजकल प्रतिस्पर्धा और भागदौड़ के कारण छोटे बच्चे भी तनाव या चिंता से ग्रस्त हैं। स्कूल की पढ़ाई के बाद ट्यूशन जाना यानी पूरा दिन सिर्फ पढ़ाई में लगे रहने से तनाव शारीरिक तंत्र को कमजोर करता है। हर घंडी चिंता में रहने से शरीर में लगातार कोर्टिसोल हार्मोन बनता है जो उन्हें अवसाद की ओर ले जाता है।



खेलकूद की कमी -घर में रहने और टीवी देखने से बच्चे कुछ अलग और नया नहीं सीख पाते। इसी वजह से जब भी उनके सामने छोटी सी भी समस्या आती है तो वह उसको सुलझान नहीं पाते और चिंता करने लगते हैं।

बाल मनोविज्ञानी कहते हैं कि खेल-कूद से बच्चे अपनी हर समस्या को दूर कर पाते हैं।

पारिवारिक तनाव-माता-पिता को हमेशा लड़ते-झगड़ते देखने से भी बच्चे के दिमाग पर बुरा असर पड़ता है। अपने अभिभावकों को अलग होते और परिवार को टूटता हुए देखकर वह अवसाद के शिकार हो जाते हैं।

शूगर का ज्यादा इस्तेमाल-बच्चों के खान-पान की वजह से भी वह अवसाद का शिकार हो रहे हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार शूगर की ज्यादा मात्रा का संबंध अवसाद और सिजोफ्रेनिया से है। यह दिमाग के विकास के हार्मोन को भी प्रभावित करती है। अवसाद और सिजोफ्रेनिया के मरीजों में इस हार्मोन का स्तर कम पाया जाता है।

# इस कारण भी बच्चों को भूख नहीं लगती

बच्चों को खाना-खिलाना कोई आसान काम नहीं है। हर चीज को लेकर उनकी आना-कानी माता-पिता के लिए परेशानी बन जाती है क्योंकि वे इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि उनके लिए पोषण कितना ज्यादा जरूरी है। वहीं, बच्चे भूख न लगने की बात कहकर खाना टाल लेते हैं पर अगर बच्चा खाना नहीं खा रहा तो इसके पीछे कुछ कारण भी हो सकते हैं।



**पेट के कीड़े**

जब बच्चे के पेट में कीड़े होते हैं तो उन्हें भूख नहीं लगती। कई बार तो इससे दस्त, सूजन, कमजोरी और पोषण की कमी होने लगती है। इस बात पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

एनीमिया-शरीर में एनीमिया की कमी होने पर चिड़ चिड़ापन,कमजोरी और थकान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। जिससे बच्चे का खाना खाने का मन नहीं करता। बच्चे के डांटने की बजाए उसके पोषण पर ध्यान दें।

कब्ज -पेट से जुड़ी परेशानियां भी भूख न लगने का कारण बनती हैं। कब्ज भी इसका संकेत है। पाचन क्रिया की गड़बड़ी के कारण पेट साफ नहीं हो सकता, जिससे बच्चा खाना नहीं खा पाता। जब आंत साफ होती है तो धीरे-धीरे बच्चे की भूख में भी सुधार आने लगता है। अवसाद-अवसाद यानि तनाव का शिकार सिर्फ बड़े ही नहीं बल्कि बच्चे भी हो जाते हैं। भूख न लगने का यह भी एक हिस्सा है। तनावग्रस्त बच्चों को भूख नहीं लगती।

**दवाओं का सेवन**

बच्चा ज्यादादेर तक किसी प्रकार की दवाइयों का सेवन कर रहा हो तब भी उसे भूख नहीं लगती। एंटीबायोटिक से बच्चों में भूख की कमी हो सकती है। अगर दवाइयां बंद करने के बाद भी बच्चा भूख महसूस नहीं कर रहा हो डॉक्टरी जांच बहुत जरूरी है।

बच्चों को टाइफाइड से बचायें

बरसात के मौसम में मच्छर आदि की संख्या बढ़ जाती है, और रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। इन्ही में एक संक्रामक रोग टाइफाइड है, यह बुखार ऐसा है जो एक निश्चित समय के लिए होता है। यह किसी संक्रमित व्यक्ति के मल के माध्यम से दूषित वायु और जल से होता है। टाइफाइड एक संक्रामक बीमारी है जो की लिवर से सम्बंधित है। हर साल तक़रीबन 2 लाख से ज्यादा लोग टाइफाइड की बीमारी के कारण जान गवाते है टाइफाइड की बीमारी मैं लिवर ठीक तरह से काम नही करता जिसकी वजह से बुखार के साथ ही पुरे शरीर में दर्द होने लगता है। अगर सही समय पर ध्यान ने दिया जाये तो टाइफाइड जानलेवा भी हो सकता है। समय के अंदर इसका इलाज ने किया जाये तो बच्चे की जान तक जा सकती है।



**बच्चों में टाइफाइड के लक्षण**

टाइफाइड के लक्षणों को जानना बहुत जरुरी है क्यूंकि समय रहते टाइफाइड के लक्षणों को पहचान लिए जाये तो समय से टाइफाइड से पीड़ित बच्चे का सही इलाज किया जा सकता है।

टाइफाइड से पीड़ित बच्चे में प्रतिदिन बुखार होता है, जो हर दिन कम होने की बजाय बढ़ता रहता है।

अत्यधिक कमज़ोरी और थकान महसूस होना।

सिर में दर्द होना।

पेट में दर्द और भूख न लगना। छाती पर गुलाबी निशान होना।

दस्त आना। लिवर का बढ़ जाना। पेट में अल्सर की संभावना।

कभी - कभी रोगी बच्चे को चपटे चकत्ते भी पड़ जाते हैं।

सूखी खाँसी आना। जीभ पर मोटी परत जम जाना। इन लक्षणों के नजर आने के बाद देर नहीं करनी चाहिए। चिकित्सक को दिखाएं और इलाज करवाना आवश्यक हो जाता है, ताकि बच्चा शीघ्र स्वस्थ हो सके।

# सदैव स्मरणीय रहेगा शिकागो में दिया गया स्वामी विवेकानंद का भाषण

**-योगेश कुमार गोयल**

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत तथा आदर्श व्यक्त्वि के धनी माने जाते रहे स्वामी विवेकानंद को उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। सही मायनों में वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। विशेषकर भारतीय युवाओं के लिए तो भारतीय नवजागरण का अग्रदूत उनसे बढ़कर अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बनी रही। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया। दरअसल युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थी।



स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी भाईयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। स्वामी विवेकानंद की चर्चा जब भी होती है तो अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके उस ओजस्वी भाषण की चर्चा अवश्य होती है। उसी ओजस्वी भाषण को यादगार बनाए रखने और युवाओं को उस भाषण के जरिये ऊर्जावान बनाए रखने के लिए ही प्रतिवर्ष 11 सितम्बर का दिन 'शिकागो वक्तृता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवा शक्ति का आव्हान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ''ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अत: एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष तथा महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।''

युवा शक्ति का आव्हान करते हुए स्वामी जी ने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्कमता का संचार करने का कार्य किया। उनका कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं। जब मनुष्य को ये सांसारिक बातें निस्सार प्रतीत होने लगती हैं, तब वह सोचता है कि वह अपनी वृत्ति के हाथों का खिलौना बन चुका है और उस समय वह चाहता है कि खिलौना बनकर वह उसके बहकावे में न आए क्योंकि यह तो गुलामी है। स्वामी जी ने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसम्बर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। इसी रामकृष्ण मठ में 4 जुलाई 1902 को ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए।

# श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

## हजारों श्रद्धालु पहुंचे गुरु के आगे नतमस्तक हुए,गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी में हुआ चौपहरा समागम, बरता गया अटूट लंगर



करनाल,20 जुलाई (सोनी दुआ): नूरमहल चौक सैक्टर 32 स्थित गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी करनाल में सिख पंथ के आठवें गुरु गुरु हरि किशन जी महाराज का प्रकाश पर्व पर श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह अमृत बेला में 351 अखंड पाठ साहिब जी की संपन्नता की अरदस हुई। उसके बाद हर रविवार की तरह से सुबह 11 से 3 बजे तक शहीद बाबा दीप सिंह जी की कृपा से चौपहरा समागम हुआ। इसमें दूर दराज से श्रद्धालु जिारों की संख्या में यहां पर पहुंचे। उन्होंने गुरु साहेब के आगे नतमस्तक होकर गुरु की अरदास की। जत्थेदार बााब गुलाब सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर पहुंचे संत बाबा मंजीत सिंह जी नानकसर सिधड़ा वालों को सिरौपा भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला सचिव मनमीत सिंह बारबा , व्यापार मंडल के महासचिव हरमीत सिंह हैप्पी, गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह को सिरौपा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरु का अूटट लंगर बरताया गया। बाबा गुलाब सिंह ने बताया कि हर रविवार को यहां पर सुबह 11 से 2 बजे तक चौपहरा समागम किया जाता हैं। इस कार्यक्रम में गुरु हरकिशन जी महाराज की याद में पांच सौ पौधों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम स्थल पर विर्क अस्पात में मैडीकल चैकअप कैंप लगाया गया। इस अवसर पर डाक्टरों ने हजारों मरीजों की सेहत जांची।

# श्री गुरु हरकृष्ण साहिब जी बहुत छोटी उम्र में ही गद्दी पर विराजमान हुए थे : रामूवालिया

अंबाला,20 जुलाई (कवलजीत सिह): पूर्व केंद्रीय मंत्री स. बलवंत सिंह रामूवालिया और बिहार भाजपा अध्यक्ष दलीप कुमार जसवाल आज अंबाला के ऐतिहासिक स्थल पंजोखरा साहिब में माथा



टेकने पहुंचे जहां उन्होंने गुरु घर में शीश नवाया और अपनी हाजिरी लगाई। रामूवालिया ने कहा कि गुरु हरकृष्ण साहिब जी बहुत छोटी उम्र में ही गद्दी पर विराजमान हुए थे और इसी स्थान पर उन्होंने बहुत वृद्ध गंगू झीवर जो न बोल सकते थे और न ही सुन सकते थे, से गीता का भाष्य करवाया था। इसके बाद बिहार भाजपा अध्यक्ष दलीप कुमार जसवाल ने कहा कि वह पहले भी इस पवित्र धरती पर माथा टेक चुके हैं और लंबे समय के बाद उन्होंने फिर से पंजोखरा साहिब में माथा टेका है, गुरु घर के प्रति उनकी बहुत आस्था है। गु पंजोखरा साहिब पहुंचने पर गु पंजोखरा साहिब के प्रबंधक कुलदीप सिंह भानोखेड़ी ने उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उनके साथ सिख फेडरेशन के महासचिव जत्थेदार चरणजीत सिंह टक्कर, अंबाला के उपप्रधान जत्थेदार सुखविंदर सिंह चौहान, सदस्य सरबजीत सिंह ओबेरॉय, जत्थेदार हरिंदर सिंह लखनौर साहिब, जत्थेदार दलीप सिंह लखनौर साहिब, जत्थेदार हरप्रीत सिंह लक्की और गुरदेव सिंह नीटा मौजूद थे।

# भाकियू ने खाद संकट पर सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

## 22 जुलाई को करनाल और 25 जुलाई को यमुनानगर में करेंगे प्रदर्शन : सुरेंद्र सांगवान



करनाल, 20 जुलाई (रविन्द्र): हरियाणा में किसानों को खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जिससे प्रदेशभर के किसान बेहद परेशान हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और आंदोलन की घोषणा की है।भाकियू के पूर्व प्रवक्ता एवं प्रखर किसान नेता सुरेंद्र सांगवान ने जानकारी देते हुए बताया कि फसलों के लिए उर्वरक की आवश्यकता चरम पर है। लेकिन खाद की आपूर्ति ना के बराबर हो रही है। समय पर खाद न मिलने से किसानों की फसलें खराब होने के कगार पर हैं और उत्पादन पर गहरा असर पड़ रहा है। किसान दिन-रात खाद के लिए मंडियों, सहकारी समितियों व खाद डिपो के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की इस मूलभूत जरूरत की पूर्ति करने में पूरी तरह असफल रही है। ऐसे में भाकियू ने चेतावनी देते हुए आगामी 22 जुलाई को करनाल में कृषि उप निदेशक कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई को किसान भाकियू कार्यकर्ता दीनबंधु सर छोटूराम किसान भवन में एकत्रित होकर किसान पंचायत का आयोजन करेंगे। किसान पंचायत के बाद किसान भवन से कृषि विभाग के उपनिदेशक कार्यालय तक सरकार विरोधी जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में आने वाली 25 जुलाई को यमुनानगर में भी इसी मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। सांगवान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने जल्द से जल्द खाद की व्यवस्था नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और इसे प्रदेशव्यापी स्तर पर फैलाया जाएगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे इन प्रदर्शनों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी ताकत दिखाएं और सरकार को चेताएं कि किसान अब चुप बैठने वाला नहीं है।

# सात महीने से सैलरी नहीं मिलने से आशा वर्कर्स परेशान : सुरजीत संधू



करनाल,20 जुलाई (परमजीत कौर): आशा वर्कर्स को पिछले सात महीनों से वेतन नहीं मिलने के चलते उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। इस मुद्दे को उठाते हुए इनेलो पार्टी के पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत संधू गगसीना ने कहा कि आशा वर्कर्स दिन-रात स्वास्थ्य सेवाओं में जुटी रहती हैं, लेकिन उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अन्यायपूर्ण है।संधू ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की कि आशा वर्कर्स की लंबित सैलरी को तुरंत जारी किया जाए, ताकि वे अपने परिवारों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो आशा वर्कर्स आंदोलन करने के लिए विवश होंगी।स्थानीय स्तर पर भी आशा वर्कर्स में भारी रोष देखा जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर वे संगठित हो रही हैं और प्रशासन से जवाब मांग रही हैं।

# नाईट डोमिनेशन के दौरान पुलिस अधीक्षक हांसी ने चैक किए नाके

हांसी,20 जुलाई (मनमोहन शर्मा): पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देशानुसार दिनांक 19/20.07.2025 की रात्रि को हांसी पुलिस द्वारा अपराधो की रोकथाम तथा अपराधियों की धरपकड के लिये रात्रि 10ः00



बजे से सुबह 04ः00 बजे तक नाईट डोमिनेशन के तहत अलग-अलग स्थानो पर विशेष नाके व गस्त पार्टियों को तैनात करके संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की जाचॅ के लिये विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बडी संख्या में अधिकारी व पुलिस कर्मचारी तैनात रहे। पुलिस जिला के विभिन्न स्थानों को चिहिन्त करके विशेष नाका बन्दी की गई। नाईट डोमिनेशन के दौरान करीब 673 छोटे बड़े वाहनो की गहनता से जांच की गई तथा अभियान के तहत नियम वा कानून तोडने वालो के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन,आईपीएस* द्वारा नाईट डोमिनेशन के दौरान नाको को चैक कर बिना वजह बाहर घूमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई। हांसी पुलिस ने नाईट डोमिनेशन चैंकिग अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा दुष्चरित्र व्यक्तियों, हिस्ट्रीशीटर आदि को भी चैक किया गया तथा रेलेवे स्टेशनों, बस अडडो, धर्मशालाओं , होटल, बाजार व भीड भाड वाले स्थानो की भी चैकिग की गई। जिला पुलिस द्वारा नाईट डोमिनेशन के दौरान सार्वजनिक स्थान तथा 673 छोटे बडे वाहनो को चैंक किया गया। इस चैकिग के दौरान 12 वाहनो के चालान और एक वाहन को जब्त किया गया। हांसी पुलिस ने नाइट डोमिनेशन के दौरान अवैध शराब बेचने वालो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 38 बोतल अवैध शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम संशोधन के तहत अभियोग अंकित कर कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आमजन से अपील की है कि अगर किसी को भी अपने निवास स्थान के आस पास किसी संदिग्ध व्यक्ति, नशा करने वाले या नशे का व्यापार करने वाले, अवैध शराब बेचने वाले आदि का पता चले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना/पुलिस चौकी व हेल्पलाइन नंबर 112 और पुलिस कंट्रोल रूम 8813089302 पर सूचना दे। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। तथा भविष्य में भी इस प्रकार के नाइट डोमिनेशन अभियान समय- 2 पर जारी रहेंगे।

# पर्यावरण संरक्षण समिति ने ग्रामीण आँचल में चलाया पर्यावरण जागरुकता अभियान : एस.डी. अरोड़ा



करनाल,20 जुलाई (परमजीत कौर): आज पर्यावरण संरक्षण समिति रजि. करनाल द्वारा चीनी मिल एवं दुर्गा कालौनी करनाल में पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के उपाय बताए गए। चीनी मिल के डयूटी कार्यालय में स्टाफ के साथ मीटिंग की गई। समिति द्वारा कर्मचारियों को बताया गया कि पेड़-पौधे लगाने से पर्यावरण स्वच्छ होता है। समिति पैट्रन राम रतन अत्री ने अधिकारियों को बताया कि मिल के प्रोसेसिंग प्लांट से निकले हुए गंदे परिशिष्ट को पीछे नाले में डिस्पोजल करें। गंदे परिशिष्ट पर मच्छर-मक्खियां बैठ कर पर्यावरण को गंदा करती हैं, जिससे बिमारियां फैलती हैं। गन्ने की खोई को धूप में सुखा कर उपयोग में लाएं। दफ्तर में एवं चीनी गोदाम में पैकिंग करते हुए साफ-सफाई का ध्यान रखें। समिति चेयरमैन एस.डी. अरोड़ा ने उन्हें बताया कि मिल की चिमनियों से निकलने वाले डस्ट का प्रदुषण कंट्रोल प्रबन्धन करें ताकि मिल के आसपास के गांवों का पर्यावरण प्रदुषित न होवे। उन्होंने बताया कि 'पर्यावरण स्वच्छ हरियाणा' नामक समिति की मैगजीन भी मिल कर्मचारियों को बांटी गई, जिसमें पर्यावरण स्वच्छता के नियम बताएं गए हैं। इसके पश्चात समिति सदस्य दुर्गा कालौनी में गए। वहां पर एक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में लोगों को इकट्ठा किया गया। प्रधान अंजु शर्मा ने लोगों को बताया कि कालोनी की गलियों में गंदा पानी खड़ा न होने देवें। गंदे पानी पर मच्छर पनपते हैं और मलेरिया आदि बुखार फैलाते हैं। बरसात के दिनों में खासतौर पर इसका ध्यान रखना चाहिए क्योंकि इसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास सफाई अपनाओ और बिमारियां भगाओ। पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए वहां लोगों को 'पर्यावरण स्वच्छ हरियाणा' नामक मैगजीन भी बांटे गए। पर्यावरण समिति यह अभियान आगे भी सभी गांवो में चलाती रहेगी और लोगों को जागरुक करेगी कि अपने-अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें और बिमारियों से बचे। इस अवसर पर राजपाल लाठर, समिति प्रधान अंजु शर्मा, चेयरमैन एस.डी. अरोड़ा, हेमराज मित्तल, सुरेश खन्ना, के.एल. नारंग, डॉ. पुष्पा सिन्हा, एस.के. चावला, आर.आर. अत्री, अर्जुन देव वर्मा, उमेश तनेजा, ओ.पी. सचदेवा, शशी आर्या, ईश्वर छाबड़ा, डॉ. पहुप सिंह, पूर्णचंद बजाज, राजू लाठर, डॉ.वी.के. शर्मा, संतोष आर्या, शुगर मिल स्टाफ एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान ढाणी कुम्हारान भाजपा नेता वीरेन्द्र वर्मा शुरु किया

## पौधारोपण मानव जीवन के लिए जरुरी- विरेन्द्र वर्मा



हांसी ,20 जुलाई (मनमोहन शर्मा): गांव ढाणी कुम्हारान में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई भाजपा के पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वस्थ व हरा भरा व जीवनदायनी बनाना है । पौधे पृथ्वी का श्रृंगार होते है। उन्होंने आगे बताया कि हमारी जनसंख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन पेड़-पौधों की संख्या लगातार कम हो रही है. मानव जीवन के साथ -साथ पशु-पक्षियों की जिंदगी भी पेड़ - पौधे होते हैं, पौधो से हमें भोजन, हवा, पानी सब कुछ मिलता हैं । उनकी सुंदरता मन को मोह लेती है मानव को तो यह जिंदगी देते ही हैं इस धरा पर अन्य जीव जंतुओं को भी यह पौधे जीवन देते है पेड़ पौधों का महत्व इंसान के लिए कितना है इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पहले सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज पेड़ पौधों से ही किया करते थे । पौधे केवल हरियाली नहीं, जीवन का आधार हैं। हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पंकज कुमार ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर इंसान को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए । अगर समय रहते हमने प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले समय मे पृथ्वी पर जल और वायु का संकट उत्पन्न हो सकता है। पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां प्राप्त होती है । आज गाँव ढाणी कुम्हारान मे बूस्टिंग स्टेशन मे गुलमोहर, कनेर, आँवला, फाईकस,जाटी, अमरूद विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए इस अवसर पर यशपाल, निखिल, अरुण, निशांत, नरेश अनेक युवा साथी मौजुद रहे ।

# श्री अग्रवाल सभा लाडवा की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन



लाडवा, 20 जुलाई (रामगोपाल): रविवार को लाला जमुना दास अग्रवाल पार्क में श्री अग्रवाल सभा लाडवा की कार्यकारिणी की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी दिनों में सभा द्वारा किए गए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान विकास सिंघल ने की द्व बैठक में कार्यकारिणी के लगभग सभी सदस्यों ने भाग लिया सभा के प्रधान विकास सिंघल ने कहा कि सभा की ओर से शहर में लाल जमुना दास अग्रवाल पार्क में पौधारोपण किया जाएगा और हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम हरियाली की तरफ ध्यान दें और आने वाले दिनों में अधिक से अधिक समाज की ओर से पधारोपण किया जाए ताकि वह पेड़ बन सके । इसके अलावा 22 सितंबर को श्री महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर भी विचार विमर्श किया गया कि इस बार ओर अधिक भव्य तरीके से जयंती को मनाया जाना है द्व सभा का प्रयास है कि इस बार अग्रसेन जयंती पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया जाए क्योंकि अब वह लाडवा के विधायक भी है और समाज के लिए बड़े गर्व की बात है की पूरे प्रदेश का नेतृत्व मुख्यमंत्री के रूप में कर रहे हैं द्व वहीं उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल द्वारा करवाई जाएगी। इसके साथ-साथ उपस्थित सभी ने हरियाणा सरकार व भाजपा संगठन का धन्यवाद किया द्व क्यकि अग्रवाल समाज के शिव गुप्ता ने कष्ट निवारण समिति का सदस्य, नरेंद्र सिंगल को सचिव, अंकुश गोयल को कोषाध्यक्ष व अनिल गुप्ता को नगर पालिका में पार्षद चुना है, अमन सिंगला को मंडल कोषाध्यक्ष बनाया है इस के लिए अग्रवाल समाज लाडवा हरियाणा सरकार व हरियाणा के मुख्यमंत्री का आभार जताती है वहीं सभा द्वारा जो भी आने वाले दिनों में कार्यक्रम किए जाने हैं उसके बारे में विचार विमर्श किया गया द्व उन्होंने कहा कि सभा की ओर से शहर की भलाई के लिए काम निरंतर कार्य किए जाते हैं और आगे भी यह काम जारी रहेंगे इस अवसर पर सभा के सचिव दुर्गेश गोयल, अमित सिंगला नरेश गर्ग,अमित कंसल, अरविंद सिंघल,सुनील गर्ग अनिल गुप्ता, अमन सिंगल नवीन गर्ग, रोमित गर्ग, रविंद्र बंसल, सतीश गर्ग,लकी गर्ग अंकुश गोयल अमित गोयल, मुनीश सिंघल, संजीव जिंदल, अमित कंसल, डॉ अमृत गर्ग अनुज गोयल सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य बैठक में उपस्थि रहे

